थोक महंगाई दर में वृद्धि और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। पिछले कारोबारी सत्र में उछाल के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार पर दबाव रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 251.89 अंक गिरकर 72,781.89 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 73,195.26 अंक के उच्च स्तर तक गया। निफ्टी भी 99.25 अंक टूटकर 22,622.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, इटर्नल, आईसीआईसीआई बैंक और इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो) में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी रही।



रुपया 19 पैसे की बढ़त के साथ 95.17 प्रति डॉलर

नई दिल्ली। रुपये में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 19 पैसे मजबूत होकर 95.17 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप से डॉलर की मांग कम होने और विदेशी मुद्रा बाजार में सट्टेबाजी पर अंकुश लगने से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये में तेजी के साथ यह एक महीने के उच्चस्तर पर पहुंच गया।

खबर संक्षेप

पैसों के लेनदेन में भतीजे का मर्डर, चाचा गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले की करावल नगर पुलिस ने सात अक्टूबर को देर रात एमसीडी टोल के पास शख्स की चाकू मारकर हत्या का मामला सुलझा लिया है। इस सिलसिले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम हरीश कुमार शर्मा (45) बताया गया है। वह मृतक का चाचा है और पैसों के लेनदेन के विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया था। डीसीपी राहुल अलवल के अनुसार 7 अक्टूबर को रात लगभग 11:22 बजे, करावल नगर पुलिस स्टेशन को सूचना मिली कि एमसीडी टोल टैक्स के पास, शहीद भगत सिंह कॉलोनी की गली नंबर पांच में एक व्यक्ति को चाकू या धारदार हथियार से चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। घायल हिमांशु उर्फ जीत (35) को उसके परिवार वाले पहले ही जेपीसी अस्पताल ले जा चुके थे, जहां डॉक्टरों ने उसे 'ब्रॉट डेड' घोषित कर दिया था।

रेस्तरां में आग लगने के बाद पहली मंजिल की खिड़कियों से कूदे लोग

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली में मौजपुर जाफराबाद इलाके के एक रेस्तरां में मंगलवार देर रात आग लग गई। इसके बाद लोगों को अपनी जान बचाने के लिए बच्चों समेत इमारत की पहली मंजिल की बालकनी व खिड़कियों से कूदना पड़ा। इसमें कई लोग घायल भी हुये। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे वेलकम थाना क्षेत्र के जाफराबाद मेन रोड स्थित एक रेस्तरां में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि आग रेस्तरां के किचन में लगी थी और रेस्तरां के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया था। हालांकि, दिल्ली अग्निशमन सेवा ने बताया कि रात में आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल की छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

हथियार तस्कर गिरोह से ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की मुहर वाले हथियार बरामद

नई दिल्ली। रोहिणी जिले की एसटीएफ टीम ने ने अवैध हथियारों की आपूर्ति करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे भारतीय ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के मुहर वाली पिस्तौल समेत चार पिस्तौल, एक .32 बोर की रिवॉल्वर, एक देसी कट्टा, 52 कारतूस, एक चाकू और दो कारें बरामद हुई। पकड़े गए लोगों के नाम प्रवेश उर्फ प्रिंस (25), राहुल ग्रेवाल उर्फ पिंकू (26) और आकाश (26) बताये गये हैं। प्रवेश पर पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज मिले। पुलिस के अनुसार केएनके मार्ग थाने में दर्ज मामले की जांच के दौरान राहुल ग्रेवाल और आकाश को एक कार, दो पिस्तौल और सात कारतूसों के साथ पकड़ा गया था। पूछताछ में विक्की हदल गिरोह से उनके संबंधों का खुलासा हुआ और उन्होंने प्रवेश को हथियारों का मुख्य आपूर्तिकर्ता बताया। इस आधार पर एसटीएफ की टीम ने बुद्ध विहार से प्रवेश को एसयूवी कार में हथियार पहुंचाने के लिए आते समय दबोच लिया।

पुलिस ने राहुल गांधी के आवास पर हमले के दावों का किया खंडन

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को राहुल गांधी के आवास पर हमले और गोलीबारी का दावा करने वाली एक वायरल पोस्ट को फर्जी बताया है। पुलिस ने भ्रामक जानकारी फैलाने के खिलाफ चेतावनी भी दी। दिल्ली पुलिस ने अपने आधिकारिक 'एक्स' पेज पर एक पोस्ट में कहा कि यह वीडियो दिसंबर 2019 की एक घटना का पुराना फुटेज है और इसका हालिया घटनाओं से कोई संबंध नहीं है। इसके साथ ही पुलिस ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के आवास पर हमले के दावों को खारिज कर दिया। पुलिस ने बताया कि गलत जानकारी फैलाने में शामिल पेज के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है। पुलिस ने लोगों को सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली जानकारी को आधिकारिक माध्यमों से सत्यापित करने की भी सलाह दी है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुखर्जी नगर क्षेत्र में किया औचक निरीक्षण

'विद्यार्थियों के बीच बैठकर सुनीं समस्याएं बंद शौचालय को पिंक टॉयलेट बनाया जाए'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार देर शाम राजधानी के प्रमुख शैक्षणिक व कोचिंग हब मुखर्जी नगर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों और विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, जरूरतों और अपेक्षाओं की जानकारी ली।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के बीच चाय की दुकान पर बैठकर उनसे विस्तार से बातचीत की और उनके दैनिक जीवन, आवास, अध्ययन के माहौल, सुरक्षा तथा क्षेत्र में उपलब्ध नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को समझा। निरीक्षण के दौरान पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, क्षेत्रीय विधायक सूर्य प्रकाश खत्री भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विद्यार्थियों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में देश के विभिन्न राज्यों से आकर शिक्षा प्राप्त कर रहे युवा राजधानी के परिवार का हिस्सा हैं और उनकी सुविधाओं, सुरक्षा तथा बेहतर भविष्य के लिए उचित वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने निःशुल्क लाइब्रेरी, पीजी के किराए, महिला सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं पर संवाद किया। उन्होंने सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी व्यवस्था सुधारने तथा बंद शौचालय को पिंक टॉयलेट में बदलने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवा विकसित भारत की नींव हैं।

'लाउडस्पीकर बजने का भी उठाया मुद्दा'

संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने रात के समय तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजने से पढ़ाई में होने वाली परेशानी का मुद्दा भी उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाउडस्पीकर के इस्तेमाल में निर्धारित समय-सीमा और ध्वनि संबंधी नियमों का पालन अनिवार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से ऐसी शिकायतों की जानकारी संबंधित अधिकारियों को देने की अपील की, ताकि नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच पर जोर

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान कोचिंग संस्थानों और लाइब्रेरी में सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को भी सुना। विद्यार्थियों ने कुछ भवनों में अग्नि सुरक्षा, निकास मार्ग और भवन की उपयुक्तता को लेकर चिंता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ऐसे संस्थानों में भवन की उपयुक्तता, सुरक्षित निकास मार्ग और अग्नि सुरक्षा नियमों के पालन की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े भवनों में आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

कांग्रेस के दोहरे मापदंड के खिलाफ एबीवीपी ने पुतला दहन कर किया प्रदर्शन



नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) इकाई ने बुधवार को विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर कांग्रेस सांसद एवं जेएनयू प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम के विरुद्ध यौन उत्पीड़न के आरोपों के मामले में गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। एबीवीपी ने मांग करी कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रोफेसर पद से बर्खास्त किए जा चुके अंगोमचा बिमोल अकोइजम के मामले में पुलिस त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करे तथा कानून के अनुरूप उनकी तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। जेएनयू एबीवीपी इकाई अध्यक्ष मयंक पांचाल ने कहा कि महिला सुरक्षा केवल नारों और भाषणों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। 'लड़की हूँ लड़ सकती हूँ' आंदोलन करके महिला अधिकारों की बात करने वाली कांग्रेस को अपने जनप्रतिनिधियों से जुड़े गंभीर मामलों पर भी स्पष्ट और जवाबदेह रुख अपनाना चाहिए। जेएनयू में छात्राओं की शिकायतों पर आंतरिक समिति की जांच के बाद अंगोमचा बिमोल अकोइजम को प्रोफेसर पद से बर्खास्त किया जा चुका है और मामले में प्राथमिकी भी दर्ज है।

पटाखों के अवैध भंडारण पर नॉर्थ ईस्ट पुलिस की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- 567.30 किलोग्राम पटाखे और अन्य सामग्री बरामद

नॉर्थ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की एएटीएस और हर्ष विहार पुलिस थाने की संयुक्त टीम ने पटाखों के अवैध भंडारण पर कार्रवाई करते हुये भारी मात्रा में पटाखे और अन्य सामग्री बरामद की है। इस सिलसिले में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 567.30 किलोग्राम पटाखे जब्त किये हैं। डीसीपी राहुल अलवल के अनुसार 12 अक्टूबर को रात लगभग 9 बजकर 5 मिनट पर इलाके में गश्त के दौरान पुलिस को मंडोली गांव में पटाखों के अवैध भंडारण के बारे में सूचना मिली। यह जानकारी तुरंत पुलिस स्टेशन हर्ष विहार को दी गई, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची। गांव मंडोली की गली नंबर 12 में सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास स्थित एक घर की पहली मंजिल पर टीम को कार्टन और बोरियों में भारी मात्रा में पटाखे और निर्माण में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री मिली। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सामग्री की जांच की गई, उसका वजन किया गया, नमूने लिए गए और उसे जब्त कर लिया गया। इस संबंध में हर्ष विहार थाने में 13 अक्टूबर को एफआईआर दर्ज की गई है। पटाखा फैक्ट्री के मालिक मो. तैयब (23) निवासी लोनी देहात, यूपी को मामले में पकड़ा गया है।

सोनिया विहार में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात हमलावरों ने 34 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात मंगलवार रात करीब सवा नौ बजे हुई। मृतक की पहचान मनीष यादव के रूप में हुई है। उसे इलाज के लिये सिविल लाइंस स्थित सुश्रुत ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया था। पुलिस के अनुसार घटना के प्रत्यक्षदर्शी अधिवक्ता विवेक सिंह ने बताया कि यादव वहां से गुजर रहा था, तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो हमलावर आए और उस पर गोलियां चला दी। विवेक ने कहा कि उस पर तीन गोलियां चलाई गई, जिनमें से एक गोली उसके सिर में लगी और वह जमीन पर गिर गया। विवेक मृतक को व्यक्तिगत रूप से नहीं जानते थे, लेकिन एक ही इलाके में रहने के कारण उससे परिचय था। पुलिस ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने अपराध स्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) (हत्या) और 3(5) (सामान्य मंशा) के साथ-साथ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत सोनिया विहार थाने में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीम गठित की गई हैं।

सीजेपी नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को पांच दिन की न्यायिक हिरासत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- अजिंक्य शिंदे सशर्त रिहा

जंतर-मंतर क्षेत्र में बिना अनुमति प्रवेश करने के आरोप में मंगलवार को एहतियातन गिरफ्तार किये गये सीजेपी नेता आशुतोष रांका, सौरव दास और अजिंक्य शिंदे को बुधवार सुबह विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। सौरव और आशुतोष को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पिछले सप्ताह हुए एक अन्य प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए जाने के बाद रांका और दास ने एक वर्ष तक शांति बनाए रखने के मुचलके पर हस्ताक्षर किए थे। पुलिस ने बताया कि सौरव दास और आशुतोष रांका को तिहाड़ जेल में रखा गया है।

उनके सहयोगी अजिंक्य शिंदे को छह महीने तक शांति बनाए रखने और अच्छा व्यवहार करने के लिए पांच हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पर पाबंद कर रिहा कर दिया गया। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने असहमति की आवाज दबाने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आशु और सौरव को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उनका दोष क्या है? जंतर-मंतर पर तिरंगा फहराना। उन्होंने कहा, कुछ हिम्मत दिखाइए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। यदि आप असहमति को कुचलने के लिए इतने दृढ़ हैं, तो इन कायरतापूर्ण तरीकों के पीछे छिपने के बजाय आधिकारिक तौर पर आपातकाल घोषित करने का साहस दिखाइए।

गौरतलब है कि जंतर-मंतर को हाल में प्रदर्शनों के लिए अधिसूचित स्थलों की सूची से हटाया जा चुका है। 13 अक्टूबर की सुबह सौरव दास, आशुतोष रांका, अजिंक्य शिंदे और कॉजपा के 11 अन्य सदस्य एक निजी परिसर से गुजरते हुए जंतर-मंतर में दाखिल हुए थे। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप कर उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर सरकारी कर्मचारियों को उनके आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन से बाधित किया। सभी 14 लोगों को हिरासत में लिया गया।

जल प्रबंधन होगा और स्मार्ट, पानी की बर्बादी पर होगी कार्रवाई : प्रवेश

नई दिल्ली। दिल्ली में जल प्रबंधन अब और स्मार्ट हो जाएगा। तकनीक आधारित निगरानी से पाइपलाइन लीकेज का जल्द पता लगाने, पानी की बर्बादी कम करने और शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। दिल्ली में जल आपूर्ति व्यवस्था को अधिक आधुनिक, प्रभावी और जवाबदेह बनाने की दिशा में बुधवार को दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने नई दिल्ली के शिवाजी मार्ग स्थित जेडब्ल्यूआईएल इंफ्रा लिमिटेड के कार्यालय में इंटेलिजेंट कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) के उद्घाटन के दौरान यह बात कही। इस दौरान उन्होंने एक विशेष इमरजेंसी रिस्पॉन्स वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। मंत्री प्रवेश ने बताया कि इन पहलों का उद्देश्य जल आपूर्ति नेटवर्क की बेहतर निगरानी करना, पानी की बर्बादी को कम करना और पाइपलाइन में लीकेज या जल आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

निगम ने 5 लाख 25 हजार विद्यार्थियों के खातों में भेजे वर्दी, बैग के पैसे

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने प्राथमिक निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले 5.25 लाख विद्यार्थियों के खातों में सीधे वर्दी व बैग के पैसे भेजे। बुधवार को टैगोर गार्डन स्थित एडी ब्लॉक निगम प्राथमिक विद्यालय में विशेष कार्यक्रम में पहुंची सीएम रेखा गुप्ता ने लगभग 5.25 लाख विद्यार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से स्कूल यूनिफॉर्म एवं स्कूल बैग के लिए प्रति विद्यार्थी 1,370 रुपये की राशि भेजी। इसमें 1,250 रुपये यूनिफॉर्म के लिए तथा 120 रुपये स्कूल बैग खरीदने के लिए निर्धारित हैं। इस मौके पर महापौर प्रवेश वाही ने घोषणा की कि पीएम श्री और सीएम श्री की तर्ज पर अब दिल्ली 24 निगम श्री विद्यालय विकसित किए जाएंगे। वहीं इस अवसर पर आईडीबीआई बैंक ने निगम विद्यालयों के लिए 1,500 कंप्यूटर प्रिंटर उपलब्ध कराए। इस मौके पर सीएम रेखा गुप्ता व महापौर प्रवेश वाही के अलावा दिल्ली के पर्यावरण मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा व उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत, नेता सदन जय भगवान यादव, शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा, पश्चिमी जोन अध्यक्ष हरीश ओबरॉय, शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी, पार्षद शशि तलवार, निगमायुक्त संजीव खिरवार तथा शिक्षा विभाग के अपर आयुक्त संजीव कुमार मित्तल सहित अन्य मौजूद थे।

'छठ घाटों पर बेहतर रोशनी की व्यवस्था, सभी वार्डों में लगेंगी नई स्ट्रीट लाइटें'

नई दिल्ली। आगामी छठ पूजा को लेकर दिल्ली नगर निगम ने तैयारियां शुरू करते हुए घोषणा की है कि सभी घाटों पर बेहतर रोशनी की व्यवस्था की जाएगी और सभी 250 वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगेंगी। इस बारे में निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि छठ पूजा के दौरान स्वच्छ, सुरक्षित और रोशनी से जगमगाते घाट उपलब्ध कराने के लिए एमसीडी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। घाटों तक जाने वाली सड़कों की मरम्मत, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निगम ने सभी 250 वार्डों में दो-दो छठ घाटों पर स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्णय लिया है। इसके लिए बजट जारी करने के साथ ही विद्युत विभाग को घाट चिह्नित कर रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा घाटों और उनके आसपास की सड़कों व गलियों को दुरुस्त करने, साफ-सफाई सुनिश्चित करने और मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए फॉगिंग कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

दिल्ली औद्योगिक नीति 2026 को कैबिनेट की स्वीकृति

'इन्वेस्ट दिल्ली' से निवेशकों को एक ही जगह से मिलेगी पारदर्शी व्यवस्था : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



'इन्वेस्ट दिल्ली' के माध्यम से निवेशकों को एक ही जगह से सहायता मिलेगी और मंजूरियों की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी होगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को यह जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने राजधानी को स्वच्छ, आधुनिक और तकनीक आधारित औद्योगिक केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि आईटी, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, डेटा सेंटर, स्वास्थ्य, अनुसंधान और आधुनिक विनिर्माण समेत 10 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। बता दें कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में दिल्ली औद्योगिक नीति 2026 को स्वीकृति दी गई। यह नीति राजधानी दिल्ली में उच्च-स्तरीय, गैर-प्रदूषणकारी क्षेत्रों पर केंद्रित, एक स्वच्छ, ज्ञान-आधारित औद्योगिक अर्थव्यवस्था के निर्माण की दस वर्षीय योजना है। इसके अंतर्गत मुख्यमंत्री उद्यमश्री योजना के लिए वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक पांच वर्षों में 1,000 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया है। इसका उद्देश्य नए उद्योगों को बढ़ावा देना और रोजगार के अधिक अवसर पैदा करना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली औद्योगिक नीति 2026 का उद्देश्य राजधानी को उन्नत तकनीक, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, डेटा सेंटर, अनुसंधान एवं विकास, स्वास्थ्य सेवाओं, शहरी लॉजिस्टिक्स, सर्कुलर इकोनॉमी और आधुनिक विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाना है। इसके लिए स्वच्छ और उच्चस्तरीय उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

'रोजगार के अवसर बढ़ाने पर दिया जोर'

मुख्यमंत्री ने बताया कि नीति के तहत नए निवेश लाने, मौजूदा उद्योगों को आधुनिक बनाने, महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पूंजीगत निवेश, कार्यालय या कार्यस्थल के किराये, नई नियुक्तियों, अनुसंधान, प्रमाणन, तकनीकी आधुनिकीकरण, ऊर्जा की बचत और कौशल विकास के लिए अलग-अलग प्रोत्साहन दिए जाएंगे। साथ ही, संसाधनों का दोबारा इस्तेमाल करने और कचरा कम करने को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82(2) (ii) Cr.Pc. /84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. अशरफ पुत्र अकरम** निवासी: झुग्गी नं. एन30–बी/116, एच–4 ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 336/2022 u/s 33 Delhi Ex. Act., थाना : जहांगीरपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या सन्देह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मो. अशरफ** नही मिल रहा है और समाधानप्रद रूप से प्रदर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मो. अशरफ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए छिपा हुआ है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 336/2022 u/s 33 Delhi Ex.Act., थाना : जहांगीरपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो. अशरफ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 18.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री साहिल गुप्ता
जेएमएफसी–07, कमरा नं. 06, भूतल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14408/NW/2026
(court notice)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. ताहिर पुत्रः उस्मान पताः झुग्गी नं. 205/199 इन्द्रा कैम्प, तैमूर नगर, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली 2. कबीर पुत्रः अब्दुल सत्तार पताः एच–453 प्रथम तल, शमशुल रोड, जैतपुर एक्सटेंशन–2, नई दिल्ली** ने **case FIR No. 76/2026 U/s 20/25/29 NDPS Act & 111 BNS, थानाः न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. ताहिर 2. कबीर** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. ताहिर 2. कबीर** फरार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **case FIR No. 76/2026 U/s 20/25/29 NDPS Act & 111 BNS, थानाः न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. ताहिर 2. कबीर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 19.11.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री कुमार रजत
विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस)
रूम नं. 312, दक्षिण पूर्वी जिला
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14510/SE/2026 (Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनस पुत्रः मेहरूद्दीन पताः गली नं. 07, ई–ब्लॉक, श्री राम कॉलोनी, खजूरी खास, दिल्ली** ने case **FIR No. 187/2026 U/s 118(2)/126(2)/351(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः खजूरी खास, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनस** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनस** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 187/2026 U/s 118(2)/126(2)/351(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः खजूरी खास, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनस** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 17.12.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नोरमा जैन
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
रूम नं. 22, प्रथम तल, उत्तर पूर्व जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14563/NE/2026 (Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रियांशु उर्फ़ अंशू रोहिल्ला उर्फ कुणाल शर्मा** पुत्र राज कुमार निवासी मकान नंबर 425, पुठ कलां, दिल्ली-86 ने **ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 78/2026 दिनांक 26.04.2026 धारा 308/318(4)/319/340/61 भारतीय न्याय संहिता, 2023, थाना स्पेशल सेल, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रियांशु उर्फ़ अंशू रोहिल्ला उर्फ कुणाल शर्मा** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **प्रियांशु उर्फ़ अंशू रोहिल्ला उर्फ कुणाल शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **प्रियांशु उर्फ़ अंशू रोहिल्ला उर्फ कुणाल शर्मा, ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 78/2026 दिनांक 26.04.2026 धारा 308/318(4)/319/340/61 भारतीय न्याय संहिता, 2023, थाना स्पेशल सेल, नई दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
श्री मृदुल गुप्ता
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
पटियाला हाउस कोर्ट्स, नई दिल्ली

DP/14432/SpecialCell/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि कुमार उर्फ सोनू पुत्र** मनोहर लाल **निवासीः** खसरा नं0 174, रिठाला गांव, दिल्ली, ने **FIR No. 87/2021, U/S 411 IPC, पुलिस स्टेशन दक्षिण रोहिणी, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि कुमार उर्फ सोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि कुमार उर्फ सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 87/2021, U/S 411 IPC, पुलिस स्टेशन दक्षिण रोहिणी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **रवि कुमार उर्फ सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.11.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव कटारिया
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07,
(उत्तर–पश्चिम) कोर्ट नं0–208,
द्वितीय तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14646/RD/2026
(Court Matter)

नई दिल्ली
गुरुवार 15 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 30, अंक : 178
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31.0°C
न्यून. 17.0°C

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



5 रणजी ट्रॉफी : दिल्ली पर बंगाल भारी, शमी ने झटके 5 विकेट

मेरठ का नीला ड्रम हत्याकांड : पति को काटकर पत्नी मुस्कान व प्रेमी साहिल ने टुकड़ों में नीले ड्रम में भर दिया था



साहिल और मुस्कान

इस हत्याकांड से मानवीय रिश्ते कांप उठे थे | 'नरपिशाचों' को फांसी

एजेंसी ▶▶ मेरठ

मेरठ के बहुचर्चित सौरभ राजपूत हत्याकांड यानी नीला ड्रम केस में अदालत ने दोनों दोषियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। अदालत का फैसला सुनते ही मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला फूट-फूटकर रो पड़े। जिला जज अरविंद कुमार मिश्रा की अदालत में बुधवार को सजा पर सुनवाई की। लंच से पहले भी जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए दोनों दोषियों से अदालत ने पूछा कि क्या वे सजा सुनाए जाने से पहले कुछ कहना चाहते हैं। दोनों ने जवाब दिया कि उन्हें कुछ नहीं कहना है।


सौरभ राजपूत, मृतक

जेल अधीक्षक के अनुसार फैसले से पहले दोनों बेचैन नजर आ रहे थे। उन्होंने रात और सुबह के भोजन में भी कम खाना खाया था और ठीक से सो नहीं पा रहे थे। गौर हो कि मुस्कान ने अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या में साहिल शुक्ला के साथ मिलकर भूमिका निभाई। हत्या के बाद शव के टुकड़े किए गए और उसे नीले ड्रम में छिपाने के लिए सीमेंट का इस्तेमाल किया ▶▶शेष पेज 2 पर

कोर्ट रूम में दोनों रो पड़े

जज : मुस्कान तुम अपने पति की हत्या की दोषी साबित हो चुकी हो, अपने लिए क्या सजा चाहती हो?
मुस्कान : दोनों बेटियां बहुत छोटी हैं, उनका ख्याल रखा जाए और उसे कम से कम सजा दी जाए
जज : बताइए क्या सजा दें?
साहिल : साहब, कम से कम सजा दीजिए

देशभर में चर्चा में रहा नीला ड्रम केस

सौरभ राजपूत हत्याकांड शव को छिपाने के तरीके और पुलिस जांच में सामने आए घटनाक्रम के कारण देशभर में चर्चा में रहा। पुलिस ने गवाहों, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड और फॉरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर जांच पूरी की। ▶▶शेष पेज 2 पर

कैब चालक, होटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बने अहम कड़ी

मामले में कोई चश्मदीद गवाह नहीं होने के कारण पुलिस ने परिस्थितिजन्य, इलेक्ट्रॉनिक और फॉरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। पुलिस ने उस कैब चालक से पूछताछ की, जिसमें मुस्कान और साहिल के वारदात के बाद घूमने जाने की जानकारी सामने आई थी। जिस होटल में दोनों के ठहरने की बात कही गई, वहां से भी संबंधित बयान और सीसीटीवी फुटेज जुटाए गए। इसके अलावा मोबाइल फोन की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), लोकेशन, होटल के रजिस्टर और ▶▶शेष पेज 2 पर

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पंचम : स्कंद माता



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

खबर संक्षेप

खुदरा के बाद थोक महंगाई बढ़कर 11.39% पर पहुंची

नई दिल्ली। देश में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर सितंबर में बढ़कर 11.39% हो गई,



जबकि अगस्त में यह 9.92% थी। महंगाई का दबाव अब सिर्फ रसोई तक नहीं है। खाने-पीने की चीजों से लेकर ईंधन और कारखानों में बनने वाले सामान तक की बढ़ती कीमतों ने थोक महंगाई को और ऊपर पहुंचा दिया। खाद्य पदार्थों की महंगाई दर अगस्त के 7.05% से बढ़कर सितंबर में 8.66% हो गई।

केंद्र सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों, शीर्ष नेताओं के साथ होगी उच्च-स्तरीय मुलाकात

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर जगी उम्मीद, 17 से भारत यात्रा पर मार्को रुबियो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बोले जायसवाल, दोनों देशों के बीच समझौते को लेकर जारी वार्ता, अमेरिका की रूस से तेल खरीद पर टिप्पणी से किया इंकार

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर द्वारा भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर जल्द निष्कर्ष निकलने की उम्मीद जताने वाले बयान के साथ-साथ वाशिंगटन डीसी से ये जानकारी आ गई कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो इस सप्ताह शनिवार, 17 अक्टूबर से भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसमें वह राष्ट्रीय राजधानी की जगह पर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई और उसके बाद गुजरात के जामनगर जाएंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि विदेश मंत्री रुबियो 17 से 22 अक्टूबर तक उज्बेकिस्तान के समरकंद और भारत के मुंबई, जामनगर की यात्रा पर रहेंगे।



इन मुद्दों पर संबंधों में खींचतान जारी

गौरतलब है कि वर्तमान में भारत, अमेरिका संबंधों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। जिसमें अमेरिका द्वारा रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर 100% टैरिफ लगाने वाला कानून पास करने, एच1बी समेत अन्य वीजा सुविधाओं को लेकर लगातार बदले जा रहे नियमों, अवैध प्रवासियों पर की जा रही सख्ती और भारत को शत-प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी पर बनाए गए कानून के बीच खुद रूस से तेल की खरीद के लिए गुप्त समझौता करने जैसे विषय मुख्य रूप से शामिल हैं।

द्विपक्षीय स्वरूप वाले मुद्दों पर होगी चर्चा

इस मामले पर बुधवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री की भारत यात्रा और उस दौरान होने वाले विचार-विमर्श में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय स्वरूप वाले कई मुद्दों का समावेश किया जाएगा। जहां तक व्यापार समझौते की बात है तो उसे लेकर दोनों देश बीते काफी वक्त से एक-दूसरे के साथ संपर्क में बने हुए हैं।

तेल बाजार में स्थिरता पर भारत का जोर

भारत पर तमाम तरह की रोक-टोक लगाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बीते दिनों रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मास्को से कच्चे तेल, डीजल की खरीद को लेकर किए गए एक गोपनीय समझौते पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के रणधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में किसी प्रकार की टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि हम व्यापारिक व्यवस्था पर कोई प्रतिक्रिया ▶▶शेष पेज 2 पर

रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी मजबूती

अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, इस वर्ष मार्को रुबियो की भारत की यह दूसरी यात्रा है। जिसमें वह वहां की सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मौजूद रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करना है। इसके अलावा क्षेत्रीय, वैश्विक परिदृश्य सहित ऊर्जा सहयोग को लेकर भी आपस में विचार साझा किए जाएंगे। विदेश मंत्री व्यापारिक नेताओं के साथ भी मुलाकात करेंगे। जिससे वाणिज्यिक निवेश और आर्थिक सहयोग से जुड़े अवसरों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। पूर्व में अमेरिका के विदेश मंत्री ने इस साल मई महीने में क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए भारत की चार ▶▶शेष पेज 2 पर

समरकंद में सी 5+1 मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे

उज्बेकिस्तान में मार्को रुबियो मध्य एशिया क्षेत्र के सभी पांचों देशों उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और किर्गिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सी5+1 मंत्रिस्तरीय बैठक में शिरकत करेंगे। जिसके जरिए अमेरिका की कोशिश यही होगी कि वो इस कूटनीतिक मंच के माध्यम से मध्य एशियाई देशों के इस समूह के साथ अपने सामरिक सहयोग को किस प्रकार से और अधिक प्रगाढ़ बना सकता है। जिससे कहीं न कहीं दोनों पक्षों का भविष्य पहले की तुलना में अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध बन सकेगा। क्षेत्र के सभी देशों के मंत्रियों के साथ रुबियो की उक्त बैठक से इतर भी द्विपक्षीय बैठकें होंगी। ▶▶शेष पेज 2 पर

कैबिनेट ने 2,009 करोड़ रुपये किए मंजूर

रेलवे के 11.40 लाख कर्मचारियों को मिलेगा 78 दिन का बोनस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेलवे कर्मचारियों को त्योहारों से पहले बड़ी राहत देते हुए 11.40 लाख से अधिक पात्र कर्मचारियों को 78 दिन का उत्पादकता आधारित बोनस (प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस-पीएलबी) देने की मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बोनस भुगतान के लिए 2,009 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी पात्र अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस दिया जाएगा। प्रत्येक पात्र कर्मचारी को अधिकतम 17,951 रुपये का भुगतान किया जाएगा। यह राशि कर्मचारियों के प्रदर्शन और रेलवे के परिचालन में उनके योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दी जाती है।

अधिकतम 17,951 रुपये मिलेगा उत्पादकता आधारित बोनस, त्योहारों से पहले होगा भुगतान; रेलवे में 1.65 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी

त्योहारों से पहले हर साल मिलता है बोनस

सरकार के अनुसार, पात्र रेलवे कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष त्योहारों से पहले उत्पादकता आधारित बोनस देने की व्यवस्था है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना और रेलवे की परिचालन क्षमता, उत्पादकता तथा कार्यकुशलता में सुधार लाना है। रेलवे देश में यात्री और माल परिवहन की प्रमुख व्यवस्था है। ट्रेनों का सुरक्षित और समयबद्ध परिचालन, मालगाड़ियों का संचालन, पटरियों और अन्य रेलवे परिसंपत्तियों का रखरखाव तथा यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। बोनस को इसी योगदान की मान्यता के रूप में देखा जाता है।

रेलवे में 1.65 लाख पदों पर भर्ती

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह भी बताया कि रेलवे में बड़े पैमाने पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। करीब 1.65 लाख पदों पर नियुक्तियों के लिए भर्ती की जा रही है। हालांकि, इन पदों पर भर्ती की वर्तमान स्थिति, श्रेणीवार रिक्तियों और नियुक्तियों की समयसीमा का विस्तृत ब्योरा इस घोषणा में नहीं दिया गया। सरकार के इस फैसले से जहां लाखों रेलवे कर्मचारियों को त्योहारों से पहले अतिरिक्त आर्थिक सहायता मिलेगी, वहीं भर्ती प्रक्रिया से रेलवे में मानव संसाधन की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

नीति आयोग के पूर्व सदस्य प्रो. रमेश चंद की अध्यक्षता में समिति गठित

केंद्र ने गन्ना किसानों और चीनी क्षेत्र से संबंधित मुद्दों की जांच के लिए समिति का गठन किया

समिति गन्ने के किसानों के लिए लाभकारी मूल्य में वृद्धि की मांग की समीक्षा करेगी, जिसमें खेती की लागत और अन्य प्रासंगिक कारकों को ध्यान में रखा जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने गन्ना किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों की जांच करने और उनकी चिंताओं के समाधान के लिए उचित उपायों की सिफारिश करने के लिए नीति आयोग के पूर्व सदस्य प्रो. रमेश चंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। यह समिति कर्नाटक और महाराष्ट्र के गन्ना किसानों के प्रतिनिधियों की केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री के साथ बैठक में लिए गए निर्णयों के आधार पर बनाई गई है। समिति गन्ने के किसानों के लिए लाभकारी मूल्य में वृद्धि की मांग की समीक्षा करेगी, जिसमें खेती की लागत और अन्य प्रासंगिक कारकों को ध्यान में रखा जाएगा। यह चीनी उत्पादन लागत, बाजार में मिलने वाले दाम और चीनी मिलों की वित्तीय व्यवहार्यता के संदर्भ में चीनी के एक्स-मिल न्यूनतम विक्रय मूल्य (एमएसपी) में संशोधन की मांग की भी समीक्षा करेगी। जांच के अन्य प्रमुख बिन्दुओं में शुगर रिकवरी ▶▶शेष पेज 2 पर

14 से 16 अक्टूबर तक चलेगी यह यात्रा

युद्ध के बीच संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर

द्विपक्षीय बैठक के जरिए होगी व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में



बीते लगभग 8 महीने से जारी भीषण युद्ध की वजह से चिंताजनक बने हुए हालात के बीच विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत अबू धाबी पहुंच गए हैं। जहां उन्होंने हवाईअड्डे पर किए गए स्वागत के लिए यूएई की मंत्री रीम अल.एच का धन्यवाद दिया और कहा कि अब मुझे यूएई में जल्द होने वाली वार्ताओं का इंतजार है। विदेश मंत्री ने अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। वहीं, विदेश मंत्रालय ने जयशंकर की इस यात्रा को लेकर ▶▶शेष पेज 2 पर

मुख्यमंत्री सैनी से रूस के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

उन्नत ड्रोन तकनीक में भारत-रूस संयुक्त उद्यमों की संभावनाओं पर हुई गहन चर्चा

▶▶ रूस की तकनीकी कंपनियों ने हरियाणा के ड्रोन एवं एयरोस्पेस क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर जताई रुचि
▶▶ हिसार के सिसाय में स्थापित ड्रोन सिटी हरियाणा उन्नत ड्रोन निर्माण के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरने की ओर अग्रसर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा को ड्रोन निर्माण, एयरोस्पेस और उन्नत तकनीक के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए रूस के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। बैठक में हरियाणा में निवेश, तकनीक हस्तांतरण, संयुक्त अनुसंधान तथा औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में हिसार जिले



के हांसी स्थित सिसाय में एवीपीएल इंटरनेशनल द्वारा स्थापित ड्रोन सिटी हरियाणा में दो प्रस्तावित भारत-रूस संयुक्त उद्यमों ▶▶शेष पेज 2 पर

सीजेपी ने यह कदम सौरव दास और आशुतोष रंका को हिरासत में लिए जाने के बाद उठाया गया

प्रस्तावित कार्यक्रम के बाद उनके खुद के गिरफ्तार होने की संभावना की उन्हें कोई चिंता नहीं: दीपके

सीजेपी ने कनॉट प्लेस में 16 अक्टूबर को राष्ट्रीय ध्वज के साथ इकट्ठा होने का आह्वान किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में 16 अक्टूबर को राष्ट्रीय ध्वज के साथ इकट्ठा होने का आह्वान किया है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो संदेश में, दिपके ने उन लोगों से अपील की जो राष्ट्रीय ध्वज पर गर्व करते हैं कि वे 16 अक्टूबर को शाम 5 बजे इकट्ठा हों। उन्होंने उन लोगों से भी आग्रह किया जो दिल्ली नहीं आ सकते, कि वे अपने-अपने शहरों में इसी तरह के आयोजन करें। यह फैसला पार्टी नेताओं सौरव दास और आशुतोष रंका को हिरासत में लिए जाने के बाद उठाया गया है, जिन्हें जंतर-मंतर पर तिरंगा फहराने के बाद पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। दीपके ने यह भी कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम के बाद उनके खुद के गिरफ्तार होने की संभावना की उन्हें कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके बाद मुझे जेल भी भेजा जा सकता है, लेकिन मुझे इसकी कोई चिंता नहीं है। तिरंगा मेरा गौरव है और मैं इसे फहराता रहूंगा। दीपके ने पूछा कि तिरंगा लहराना कब से अपराध हो गया है? उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि राष्ट्रीय ध्वज फहराने को अपराध नहीं माना जाना चाहिए। प्रस्तावित सभा में शामिल होने के लिए लोगों से अपील करते ▶▶शेष पेज 2 पर

मतदाताओं की शिकायतों और उनके अनुभवों को दर्ज होंगे

एसआईआर पर पूर्व न्यायाधीशों का स्वतंत्र आयोग आज से शुरू करेगा जनसुनवाई, मतदाताओं की शिकायतें सुनेगा लोकुर आयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मतदाताओं की शिकायतों, प्रक्रिया की वैधानिकता और पात्र नागरिकों के मतदान अधिकारों पर पड़ने वाले प्रभाव की जांच के लिए गठित पूर्व न्यायाधीशों का स्वतंत्र आयोग गुरुवार, 15 अक्टूबर से जनसुनवाई शुरू करेगा। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस मदन बी. लोकुर की अध्यक्षता वाला यह आयोग पहली सुनवाई नई दिल्ली स्थित जवाहर भवन में करेगा। सुनवाई सुबह 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित है। यह देशभर में प्रस्तावित जनसुनवाइयों की पहली कड़ी होगी। लॉयर्स एसोसिएशन फॉर कॉन्स्टिट्यूशन (एलएएफसी) की पहल पर गठित पांच सदस्यीय आयोग का उद्देश्य एसआईआर प्रक्रिया से प्रभावित मतदाताओं की शिकायतों और उनके अनुभवों को दर्ज करना है। आयोग यह भी जांच करेगा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया संवैधानिक और कानूनी प्रावधानों के अनुरूप रही या नहीं तथा इस दौरान पात्र मतदाताओं के नाम सूची में बनाए रखने और अपात्र प्रविष्टियों को हटाने के लिए क्या प्रक्रिया ▶▶शेष पेज 2 पर

आयोग में कौन-कौन शामिल

जस्टिस मदन बी. लोकुर आयोग के अध्यक्ष हैं। इसके अन्य सदस्यों में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस ए.के. पटनायक, जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बदर दुरेज अहमद, दिल्ली ▶▶शेष पेज 2 पर

निर्वाचन आयोग को भी भेजा गया नोटिस

आयोग ने भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को औपचारिक नोटिस जारी कर जनसुनवाई में शामिल होने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को नामित करने का आमंत्रण दिया है। इसका उद्देश्य मतदाताओं की शिकायतों को दर्ज करने के साथ निर्वाचन आयोग का पक्ष भी सुनना है। आयोग ने अपनी कार्यवाही में निष्पक्षता और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को बनाए रखने पर जोर दिया है।

देशभर में होंगी जनसुनवाई

एलएएफसी की ओर से घोषित योजना के अनुसार, आयोग पूर्ण पीठ और क्षेत्रीय पीठों के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में जनसुनवाई करेगा। इसमें एसआईआर से प्रभावित मतदाताओं, नागरिक समाज संगठनों और विशेषज्ञों के बयान दर्ज किए जाएंगे। आयोग के समक्ष आने वाली शिकायतों के साथ मतदाता सूची में नाम ▶▶शेष पेज 2 पर

राहुल ने दिल्ली में पुलिस बर्बरता के पीड़ित छात्रों से की मुलाकात

कहा- छात्रों पर अत्याचार करने वालों को सजा जरूर दिलाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि वोट चोरी के खिलाफ चल रहे आंदोलन में शामिल युवाओं की सिर्फ एक आवाज है और यह हिंदुस्तान की आवाज है, जिसे मोदी सरकार दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि वे देश की एकजुट आवाज के सामने खड़े होने की भूल न करें, इसके सामने कोई भी खड़ा नहीं हो सकता। राहुल बुधवार को वोट चोरी के खिलाफ चल रहे आंदोलन के दौरान पुलिस की बर्बरता का शिकार हुए छात्रों और युवाओं से मुलाकात के बाद प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। पत्रकारों से बातचीत में राहुल ने एकजुट युवाओं को दिखाते हुए कहा कि ये हिंदुस्तान है, यहां कोई हिंदू नहीं है, कोई मुस्लिम नहीं है, कोई किसी जाति का नहीं है। कोई स्त्री नहीं है, कोई पुरुष नहीं है। यहां सिर्फ एक आवाज है, एक आंदोलन है और यह हिंदुस्तान की आवाज है। इस आवाज के सामने कोई खड़ा नहीं हो सकता। आंदोलन के दौरान युवाओं के साथ हुई पुलिस की बर्बर कार्रवाई का जिक्र करते हुए प्रदर्शनकारियों से हर घटना का वीडियो रिकॉर्ड करने और सबूत सुरक्षित रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जब आंदोलन खत्म हो जाएगा, तब इन सबूतों का इस्तेमाल किया जाएगा और सभी दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई बचेगा नहीं; प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से लेकर छात्रों के साथ मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों को सजा दिलाई जाएगी।

छात्र बोले- दिल्ली पुलिस का व्यवहार बेहद अमानवीय था। अंग्रेजों के शासनकाल जैसी बर्बरता आजाद देश के नागरिकों के साथ की गई। प्रेस वार्ता के दौरान पीड़ित छात्रों ने अपनी आपबीती साझा करते हुए पुलिसिया जुल्म की दर्दनाक दास्तान सुनाई। उन्होंने कहा कि पुलिस की बर्बरता के बावजूद वे अन्याय के खिलाफ किसी भी कीमत पर झुकेंगे नहीं, लड़ेंगे और जीतेंगे। छात्र समर्थ, धर्मेंद्र और अर्जुन ने बताया कि वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर बर्बर तरीके से पीटा। उन्हें अवैध हिरासत केंद्र में रखा गया, जहां उनके फोन छीन लिए गए। उनके साथ छाती, पीठ और प्राइवेट पार्ट्स पर लात मारकर बर्बरता की गई और गला दबाने की कोशिश की गई। दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा अदिरा ने बताया कि पुलिस की पिटाई से उनके एक कान की सुनने की क्षमता चली गई है। उन्होंने बताया कि डिटेंशन बस में कोई महिला पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थी। पुलिस ने उन्हें सड़क पर घसीटा, बेसमेंट में ले जाकर लात-घूंसों से पीटा तथा उनके गाल, पेट के ऊपरी हिस्से और प्राइवेट पार्ट्स पर वार किए।

एनएसयूआई की राष्ट्रीय सचिव ऋतु बराला ने कहा कि दिल्ली पुलिस का व्यवहार बेहद अमानवीय था। अंग्रेजों के शासनकाल जैसी बर्बरता आजाद देश के नागरिकों के साथ की गई। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एक बड़े भाई की तरह छात्रों के साथ खड़े हैं और अब छात्र डरने वाले नहीं हैं। वे अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे और जीतेंगे। वहीं, कंटेंट क्रिएटर रमित वर्मा ने बताया कि 11 अक्टूबर को आरएसएस और बजरंग दल के इशारे पर पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया था।

राहुल ने चेरुवयाल रामन के निधन पर जताया शोक
प्रियंका ने याद किया 'मेरे मलयाली अच्चन' का स्नेह

नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के वायनाड के प्रख्यात किसान और पारंपरिक धान की दुर्लभ किस्मों के संरक्षक पद्मश्री चेरुवयाल रामन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने रामन को वायनाड की स्वदेशी धान की किस्मों और पीढ़ियों से चले आ रहे आदिवासी कृषि ज्ञान का संरक्षक बताते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन इस विरासत को बचाने में समर्पित कर दिया। राहुल ने शोक संतप्त परिवार और उन्हें चाहने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। कृषि के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान को देखते हुए भारत सरकार ने वर्ष 2023 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। यह सम्मान टिकाऊ कृषि और जैव विविधता के संरक्षण में उनके योगदान की राष्ट्रीय मान्यता थी। रामन के साथ अपने आत्मीय संबंधों को याद करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने बताया कि जब उनकी रामन से मुलाकात हुई थी, तब उन्होंने उन्हें अपनी बेटी कहा था। उनके इस स्नेह ने प्रियंका के दिल को छू लिया था।

वायनाड के समर्पित आदिवासी किसान के निधन से देश ने खोया कृषि विरासत का अनमोल संरक्षक

मोदी कैबिनेट के बड़े फैसले: सामाजिक सुरक्षा योजना के लिए 53,428 करोड़ रुपये मंजूर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सामाजिक सुरक्षा और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। कैबिनेट ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) को वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक अगले 5वर्षों के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी। इसके लिए 53,428 करोड़ का कुल परिव्यय स्वीकृत किया गया है। इस योजना से देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 3.20 करोड़ लाभार्थियों को फायदा मिलने की उम्मीद है।केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन पेंशन योजना के तहत सहायता राशि और पात्रता के मानदंडों में बदलाव किया गया है। वहीं, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना को जारी रखने का फैसला लिया गया है। सरकार ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम और इसकी उप-योजनाओं के नाम बदलने को भी मंजूरी दी है।

दिव्यांग पेंशन के लिए अब 40 प्रतिशत दिव्यांगता जरूरी

कैबिनेट के फैसले के अनुसार, दिव्यांगजन पेंशन योजना के तहत 79 वर्ष तक की आयु के लाभार्थियों को 375 रुपएऔर 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के लाभार्थियों को 625 की सहायता राशि दी जाएगी। अब तक इस योजना के तहत बेंचमार्क दिव्यांगता का मानदंड 80 प्रतिशत था, जिसे घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे निर्धारित मानदंड पूरा करने वाले अधिक दिव्यांगजनों के योजना के दायरे में आने का रास्ता खुलेगा। दिव्यांगता पेंशन के लिए न्यूनतम आयु की शर्त भी हटा दी गई है। अब पात्रता जन्म से मानी जाएगी, यानी पात्र दिव्यांग बच्चों को भी योजना के अंतर्गत सहायता मिल सकेगी। पेंशन की संशोधित पात्रता, लाभार्थी कवरेज और सहायता राशि से जुड़े बदलाव दिशा-निर्देश जारी होने के तीन महीने के भीतर लागू किए जाएंगे।

योजनाओं के नाम भी बदले जाएंगे

कैबिनेट ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम का नाम बदलकर प्रधानमंत्री सामाजिक सहायता योजना करने की मंजूरी दी है। इसकी प्रमुख उप-योजनाओं के नाम भी बदले जाएंगे। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का नाम अब प्रधानमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना होगा। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना को प्रधानमंत्री विधवा पेंशन योजना और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगता पेंशन योजना को प्रधानमंत्री दिव्यांगजन पेंशन योजना के नाम से जाना जाएगा। राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना का नाम बदलकर प्रधानमंत्री परिवार लाभ योजना किया जाएगा।

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) TATA MOTORS TLPT1912G
REG. NO. HR38AH6046-YOM- 2024
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : VAIBHAV TANWAR KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 9953750739 EMAIL-vaibhav.tanwar1@kotak.com

CHANGE OF NAME
I, **Mrs. Vipna Kumari D/o** late Shri Ishwar Singh and W/o Shri Mohan Singh Thakur R/ o H. No. B-108, IIIrd Floor, Dwarkadhish North Golf Links Enclave Sector -26 Rohini, Pehlad Pur Bangar, North West Delhi, Delhi-110042, have changed my name from Vipna Kumari to Vipna Thakur after Marriage for all intents and purposes.

उत्तर रेलवे
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	82265020A	AFA और Er Yag लेज़र सिस्टम (संलग्न विनिर्देशों के अनुसार	01 नग	09.11.2026

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. 82265020A Dt: 14.10.2026 3587/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क्र. सं.	टेंडर सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
1	82269944B	इंजेक्शन ट्रास्टुजुमैब डेरुक्सटेकैन 100 मि.ग्रा.	95 नग	04.11.2026

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं.: टेबलेट/इंजेक्शन और दवाएं दिनांक: 13.10.2026 3584/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr. P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी शिवार्क अग्रवाल, पताः** जी–3–39, जी–3 ब्लॉक मॉडल टाउन–III, दिल्ली **Ct Case/CC Act: 180/18, U/s: 138 NI Act, पुलिस थानाः तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिवार्क अग्रवाल,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिवार्क अग्रवाल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **शिवार्क अग्रवाल, Ct Case/CC Act: 180/18, U/s: 138 NI Act, पुलिस थानाः तिलक नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
गौरव सिंघल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (पश्चिम)
पश्चिम कमरा नंबर 4 एनेक्स–I
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/14055/WD/2026
(Court Matter)

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर–ट्रैक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1.	कार्य का नाम	दिल्ली मंडल में लूप लाइनों को SWR/LWR में परिवर्तित करने के कार्य हेतु 60 किलोग्राम रेलों की फ्लैश बट वेल्डिंग, रेल–कम–रोड मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट का उपयोग करके, मौके पर ही (In Situ) या रेलवे लाइन के किनारे (Cess) पर की जाएगी। (निविदा आमंत्रण सूचना–16–2026–27– डब्ल्यू–सी)
2.	अनुमानित लागत	Rs. 6,73,33,736.26/-
3.	धरोहर राशि	Rs. 13,46,700.00 /-
4.	ई–निविदा भरने का दिनांक और समय & ई–निविदा खुलने का दिनांक और समय	ई–निविदा भरने का समय शुरू **दिनाँक 23/10/2026** को 15:00 बजे से निविदा खुलने का समय & ई– निविदा खुलने का **दिनांक 06/11/2026** को 15:00 बजे तक।
5.	निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है	www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

पत्रसंख्या 128–डब्ल्यु/वं.मं.अधि./सं/निविदा आमंत्रण सूचना–16–2026–27–डब्ल्यूसी दिनांक :– 14/10/2026 3593/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक	एमडीयू, रोहतक में विभिन्न लैब्स, रसायन शास्त्र विभाग में फ्यूम हुड का प्रावधान व फिक्सिंग।	12.10.2026 02.11.2026	52.56 लाख	https://mdurohtak.hrips://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in	9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/50186/I/88/7 दि. 14.10.26

पेज एक का शेष....

'नरपिशाचों' को फांसी...
गया। 18 मार्च 2025 को सौरभ के भाई बबलू ने उसके लापता होने की सूचना दी थी। अभियोजन पक्ष ने वारदात की प्रकृति, शव को छिपाने के तरीके और अपराध की गंभीरता का हवाला देते हुए मृत्युदंड की मांग की थी।

देशभर में चर्चा...
अभियोजन पक्ष ने इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर अदालत में पैरवी की। बचाव पक्ष ने मुस्कान की दोनों बेटियों के भविष्य और परवरिश का मुद्दा उठाया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाते हुए दोनों दोषियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई है।

कैब चालक, होटल ...
फॉरेंसिक रिपोर्ट जैसे साक्ष्यों की कड़ियां जोड़ी गईं। जिला शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार चौबे के मुताबिक, इन साक्ष्यों ने अभियोजन पक्ष का मामला मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

तेल बाजार में ...
नहीं देना चाहते हैं। लेकिन मैं यहां ये स्पष्ट कर दूं कि हम अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में स्थिरता की पुरजोर अंदाज में वकालत करते हैं।

रणनीतिक साझेदारी को ...
दिवसीय यात्रा की थी। जिसमें उन्होंने विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात की थी। दोनों विदेश मंत्रियों की बैठक में रुबियो ने यह आश्वासन दिया था कि भारत, अमेरिका टिकाऊ व्यापार समझौते तक पहुंच सकते हैं। बातचीत में हुई प्रगति को लेकर वह प्रसन्न थे और उनका ये भी कहना था कि हम एक ऐसा समझौता चाहते हैं। जो दोनों देशों के लिए पारस्परिक आधार पर लाभप्रद हो।

समरकंद में सी5+1 ...
विभाग ने बताया, विदेश मंत्री की इस ऐतिहासिक मध्य एशिया की यात्रा में उनके साथ 200 से अधिक बिजनेस लीडर्स का एक विस्तृत प्रतिनिधिमंडल भी समरकंद जाएगा। अमेरिका और मध्य एशिया में व्यापारिक सहयोग को लेकर मजबूती प्रदान करने के एक नए युग की शुरुआत के रूप में इसका परिणाम सबके सामने आएगा।

केंद्र ने गन्ना किसानों ...
की टेस्टिंग और रिपोर्टिंग के लिए मौजूदा तंत्र, रिकवरी के पारदर्शी सत्यापन को सुनिश्चित करने के उपाय और चीनी मिलों में गन्ने का वजन करने के मौजूदा तरीके शामिल होंगे, जिसमें कैलिब्रेशन, निरीक्षण और सत्यापन तंत्र की पर्याप्तता शामिल है। समिति मशीन से काटे गए गन्ने के वजन में से कटौती से संबंधित मौजूदा तरीकों की भी जांच करेगी और मशीन से कटाई से होने वाले वास्तविक नुकसान, यदि कोई हो, का आकलन करेगी। यह किसानों को देय गन्ने के मूल्य पर वर्तमान तरीकों के वित्तीय प्रभाव का मूल्यांकन करेगी और आवश्यक समझे जाने वाले किसी अन्य संबंधित मामले पर विचार कर सकती है। यह समिति आवश्यक समझे जाने पर किसानों के प्रतिनिधियों, चीनी मिल संघों, राज्य सरकारों तथा अन्य विशेषज्ञों या संगठनों सहित सभी हितधारकों से परामर्श करेगी। यह समिति सक्षम प्राधिकारी के विचारार्थ अपने निष्कर्षों और विशिष्ट सिफारिशों वाली अपनी रिपोर्ट यथाशीघ्र प्रस्तुत करेगी। समिति के अध्यक्ष प्रख्यात कृषि अर्थशास्त्री और लोक नीति विशेषज्ञ प्रो. रमेश चंद ने 2015 से 2026 तक नीति आयोग के सदस्य के रूप में कार्य किया तथा इससे पहले वे आईसीएआर-एनआईएपी के निदेशक और पंद्रहवें वित्त आयोग के सदस्य भी रहे। वह कृषि विकास, किसानों से जुड़े मुद्दों, खाद्य सुरक्षा, कृषि बाजारों और मूल्य निर्धारण नीति के विशेषज्ञ हैं। इस समिति में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि आयुक्त; खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के संयुक्त सचिव (चीनी) और उपभोक्ता मामले विभाग के संयुक्त सचिव (विधिक माप-विज्ञान) सदस्य के रूप में शामिल हैं।

युद्ध के बीच...
एक बयान में कहा कि वह खाड़ी के इस देश में अपने समकक्ष और यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक करेंगे। जिसमें भारत, यूएई के बीच स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा अबू धाबी में होने वाले रायसीना मध्य पूर्व कार्यक्रम के दूसरे संस्करण में होने वाली चर्चाओं में भी उनकी भागीदारी रहेगी।

उन्नत ड्रोन तकनीक...
पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इनमें उन्नत हेलीकॉप्टर ड्रोन के निर्माण तथा भारतीय सेमीकंडक्टर चिप्स का उपयोग करते हुए जीपीएस/ जीएनएसएस संकेतों पर निर्भरता के बिना ड्रोन के संचालन एवं नेविगेशन की तकनीक विकसित करने की योजनाएं शामिल हैं। छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में रूस के चार प्रतिनिधि तथा भारत के दो वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल थे। रूस के प्रतिनिधिमंडल में स्कोल्कोवो फाउंडेशन के निदेशक लियोनिद आर्टेमोव, प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अलेक्जेंडर जापोरोज्स्की, ओम्नीटेक एलएलसी के सीईओ एलेक्सी उर्बान्स्की तथा 4जीएनएसएस एलएलसी/ओरिएंट सिस्टम्स ग्रुप के सीईओ एवं सह-संस्थापक सर्गेई लेबेदेव शामिल रहे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में ड्रोन टेक मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कुमार आनंद तथा एवीपीएल इंटरनेशनल (एआईटीएमसी वेंचर्स लिमिटेड) के संस्थापक एवं चेयरमैन दीप सिंह सिसाय शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय तकनीकी सहयोग और प्रस्तावित संयुक्त उद्यमों के माध्यम से हरियाणा में उन्नत ड्रोन निर्माण का मजबूत औद्योगिक तंत्र विकसित करने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।
बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को रूस की कंपनी ओम्नीटेक एलएलसी और एवीपीएल इंटरनेशनल के बीच प्रस्तावित सहयोग की जानकारी दी। इसके तहत सिसाय स्थित ड्रोन सिटी हरियाणा में उन्नत हेलीकॉप्टर ड्रोन निर्माण इकाई स्थापित करने की योजना है। प्रस्तावित परियोजना में उन्नत मानवरहित हेलीकॉप्टर प्रणालियों के निर्माण, असेंबली, अनुसंधान, परीक्षण और तकनीकी विकास के लिए सुविधाएं विकसित करने की परिकल्पना की गई है। प्रस्ताव के अनुसार, इन हेलीकॉप्टर ड्रोनों की उड़ान क्षमता 250 किलोमीटर तक तथा भार वहन क्षमता 200 किलोग्राम तक होगी। इस परियोजना का उद्देश्य तकनीक हस्तांतरण, स्वदेशी निर्माण, अनुसंधान और औद्योगिक उत्पादन को बढ़ावा देना है।

प्रस्तावित कार्यक्रम के ...
हुए, डिपके ने समर्थकों से कहा कि वे सेंट्रल पार्क में राष्ट्रीय ध्वज लेकर आएं और हिरासत में लिए गए पार्टी नेताओं के प्रति एकजुटता व्यक्त करें। उन्होंने दिल्ली के बाहर रहने वाले लोगों से भी अपील की कि वे 16 अक्टूबर को शाम 5 बजे अपने शहरों में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करें। अपने संदेश में, उन्होंने तिरंगे को राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया और कहा कि लोगों को बिना किसी कानूनी कार्रवाई के डर के इसे फहराने की आजादी होनी चाहिए।

एसआईआर पर पूर्व ...
अपनाई गई।

कई वरिष्ठ वकील देंगे कानूनी सहयोग: आयोग को कानूनी और रणनीतिक सलाह देने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, प्रशांत भूषण, चंदर उदय सिंह, प्रशांतो चंद्र सेन और राजू रामचंद्रन सहित कई वरिष्ठ वकीलों के सहयोग की जानकारी दी गई है। अधिवक्ता रेबेका मैमन जॉन, वारिशा फरासत और वृंदा ग्रोवर भी इस प्रक्रिया में कानूनी सहायता उपलब्ध कराएंगे।
दिसंबर तक रिपोर्ट जारी करने का लक्ष्य: आयोग का लक्ष्य दिसंबर 2026 तक अपनी जांच पूरी कर अंतिम रिपोर्ट सार्वजनिक करना है। इसमें एसआईआर की संवैधानिक एवं वैधानिक वैधता, अपनाई गई पद्धति और पात्र मतदाताओं पर इसके प्रभाव का आकलन किया जाएगा। आयोग का गठन एक वकील संगठन की पहल पर हुआ है। यह निर्वाचन आयोग द्वारा गठित समिति या अदालत की ओर से नियुक्त न्यायिक आयोग नहीं है। इसकी जनसुनवाई और अंतिम रिपोर्ट स्वतंत्र जांच की प्रक्रिया का हिस्सा होंगी।

आयोग में कौन-...
हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रेखा शर्मा और पटना हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस अंजना प्रकाश शामिल हैं।

देशभर में होंगी ...
जोड़ने और हटाने से जुड़े आंकड़ों का भी अध्ययन किया जाएगा। इसके लिए एक शोध इकाई आंकड़ों को एकत्रित कर उनका विश्लेषण करेगी। वहीं, कानूनी सहायता टीम संबंधित कानूनों, अधिसूचनाओं और सत्यापन प्रक्रिया की समीक्षा करेगी, ताकि यह आकलन किया जा सके कि एसआईआर के दौरान लागू कानूनी और संवैधानिक सुरक्षा उपायों का पालन हुआ या नहीं।

राशिफल

मेष किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

वृष अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

मिथुन चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

कर्क मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

सिंह न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

कन्या शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

तुला बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

धनु वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

मकर शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

कुंभ नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

मीन परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

ज्योतिष
कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान जैसा चाहोगे करके दूगां


कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

दुआ भी तकदीर बदल देती है
तंत्रिक मास्टर किंग का एलान
भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान

प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शब्द पहेली - 6378




बाएँसेदाए+
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना,रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम,प्यार-2
13. थोड़ा,जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन,संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्,अच्छा-2
22. दम,ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. उसाठस-4
29. माईल,दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. आकर्षक.चिताकर्षक-5
2. वैक्स,मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ,कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता,बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न,नग-2
37. टी,चहा-2
39. याचिका,वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम,संदेह-2

शब्द पहेली -6377 का हल

का	ज		आ	ग		सा	थ		सु	रा
ल		ता	ना		आ	स		ख	ब	र
	ली	ला		सा	या		क	ल	ह	
म	न		रा	त		र	म	ल		वि
स्ती		फि	जा		अ	ग	ला		सा	दा
	शू	र		की	च	ड़		ता	र	
कु	ल		अ	म	ल		ख	त		मी
ली		ग	ल	त		प	ता		जा	न
	दो	ज	ख		क	ल		ता	ल	
धा	य	ल		दा	म		उ	म		मो
त	म		प	ग		कृ	ष्ण		क	र



खबर संक्षेप

निमंत्रण लेकर रामलीला मंचों पर पहुंचे डॉ. भाटिया

फरीदाबाद। सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर, श्री सनातन धर्म महाबीर दल के प्रधान डॉ. राजेश भाटिया



बजरंगबली की सेना के सदस्यों के साथ रामलीला कमेटियों के आयोजनों में पहुंचे। उन्होंने रामलीला मंचों पर भगवान श्रीराम की लीलाओं का गुणगान करने वाले कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और पदाधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें 76वें दशहरा महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

गाजियाबाद पुलिस ने पकड़ा हाईटेक चोर गैंग

गाजियाबाद। गाजियाबाद में सिहानी गेट पुलिस ने डेढ़ मिनट में चार वाहन चोरी करने वाले चोर



को गिरफ्तार किया है। आरोपी मास्टर चाबी से वाहन चोरी करता था। उसके पास से एक क्रेटा गाड़ी, तीन बुलेट बाइक, दो मास्टर चाबी और चार फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुई हैं।पुलिस के अनुसार, आरोपी चार पहिया वाहन को बिहार में ले जाकर बेचता था। 20 लाख की कार को डेढ़ लाख रुपये बेच देता था।

पत्रकार सुनील सौरभ झा की माता का निधन

गुरुग्राम । वरिष्ठ पत्रकार सुनील सौरभ झा की माताजी फूल देवी का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



उनके निधन की खबर से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। पत्रकारिता जगत, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। बिहार सरकार में ऑडिटर के पद पर कार्यरत रहे स्व. हरि शंकर झा की धर्मपत्नी थीं।

बेटी से दुष्कर्म के दोषी पिता को 20 साल की कैद

फरीदाबाद। नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने पिता को 20 साल के कठोर



कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 80 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पुलिस की ओर से मामले की प्रभावी जांच, साक्ष्यों के संकलन और न्यायालय में की गई मजबूत पैरवी के लिए मामले को चिन्हित श्रेणी में रखा गया, जिसके परिणामस्वरूप आरोपी को सजा दिलाने में सफलता मिली।

जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

गाजियाबाद। भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव दौसा बंजारपुर में जमीनी विवाद के चलते दबंगों ने फावड़े से



वार कर एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने आए परिवार के लोगों के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रवीण कुमार का गांव के ही कुछ लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि बुधवार सुबह एक पक्ष उक्त भूमि पर निर्माण कार्य करने लगा।

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी

फरीदाबाद। शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 1 करोड़ 8 लाख 10 हजार रुपये की ठगी के मामले में



साइबर थाना एनआईटी की टीम ने खाताधारक आयुष को गिरफ्तार किया है। आरोपी के बैंक खाते में ठगी के 15 लाख रुपए आए थे। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर 3 दिन के रिमांड पर लिया है।मामले में अब तक आयुष सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

महिला सम्मान की लड़ाई मजबूती से लड़ने के लिए प्रतिबद भाजपा

भाजपा महिला मोर्चा का नारी शक्ति हुंकार आंदोलन राहुल गांधी का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और न्याय के मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद भाजपा् टी जिला फरीदाबाद एवं फरीदाबाद महानगर महिला मोर्चा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता के आह्वान पर संयुक्त रूप से नारी शक्ति हुंकार आंदोलन के तहत विशाल विरोध मार्च निकाला। जेएनयू की 11 बेटियों से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न के गंभीर मामले में कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी के विरोध में सैकड़ों महिला पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं ने सेक्टर-16 स्थित क्यूआरजी मैरिंगो चौक ओल्ड प्रदर्शन किया और राहुल गांधी का पुतला फूंका।

विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा फरीदाबाद के अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल फरीदाबाद महानगर जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह, पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, महापौर प्रवीण बत्रा जोशी, वरिष्ठ कार्यकत्ता टिपरचन्द शर्मा, फरीदाबाद महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष राजबाला सरधाना, महानगर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ममता राघव, भाजपा जिला महामंत्री चौधरी प्रवीण गर्ग, शोभित अरोड़ा, कविन्द्र फागना और अनुराग गर्ग उपस्थित रहे। महिला मोर्चा अध्यक्षा राजबाला सरधाना के नेतृत्व में भाजपा की महिला

> जेएनयू की 11 बेटियों से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न के गंभीर मामले में कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी के विरोध में सैकड़ों महिला पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं ने सेक्टर-16 स्थित क्यूआरजी मैरिंगो चौक ओल्ड फरीदाबाद में प्रदर्शन किया।



कार्यकर्ताओं ने सेक्टर 16 के क्यूआरजी मैरिंगो चौक ओल्ड फरीदाबाद पर एकत्रित होकर नारे लगाए।

सवाल खड़ा करती है कांग्रेस की चुप्पी

अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने बेटियों से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न मामले में कांग्रेस नेतृत्व से जवाबदेही तय करने की मांग की। आरोपी सांसद डॉ. अंगोम्चा बिमोल अकोइजाम को कांग्रेस से निष्कासित करने, उनके खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। भाजपा जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि बेटियों के सम्मान और सुरक्षा की बात करने वाली कांग्रेस को पहले अपने आचरण से उदाहरण पेश करना चाहिए। बेटियों से जुड़े इतने गंभीर मामले पर कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी उसके दोहरे रवैये पर सवाल खड़ा करती है।

पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने जेएनयू की 11 बेटियों से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न मामले में कांग्रेस की चुप्पी को शर्मनाक बताते हुए उनसे जवाब मांगा। कहा कि बेटियों के सम्मान और सुरक्षा की बात करने वाली कांग्रेस गंभीर मामलों में अपनी जवाबदेही से क्यों बच रही है। उन्होंने दोहराया कि भाजपा महिला मोर्चा महिलाओं के सम्मान, अधिकारों और न्याय की लड़ाई मजबूती से लडने के लिए प्रतिबद्ध है।

दौरे की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट

16 अक्टूबर को गाजियाबाद आएंगे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 16 अक्टूबर को गाजियाबाद में दौरा प्रस्तावित है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यक्रम को सफल, सुव्यवस्थित और सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को कलक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें



विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की समीक्षा

बैठक में मुख्यमंत्री के सुंदरदीप कालेज में प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सड़कों की स्थिति, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर निर्धारित समयसीमा के भीतर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

तैयारियों की नियमित निगरानी के निर्देश

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल और उससे संबंधित व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए तथा आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के जनपद भ्रमण के दौरान सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित और सुचारु रहनी चाहिए। इसके लिए विभागीय अधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और किसी भी समस्या का समय रहते समाधान सुनिश्चित करें।

स्वास्थ्य और यातायात विभाग को किया अलर्ट

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य एवं यातायात विभाग को विशेष रूप से अलर्ट रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखी जाए और जरूरत के अनुसार चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।इसके अलावा विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), जल निगम, नगर निगम और जिला पंचायत सहित अन्य संबंधित विभागों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने को कहा गया।

दिव्यांग पत्नी और 3 बेटियां का सहारा छिना

फरीदाबाद में तीन विभागों की लापरवाही ने ली एक मात्र कमाने वाले दिनेश की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद में तीन विभागों की लापरवाही के कारण एक दिव्यांग महिला और उनकी बेटियों का संसार उजड़ गया। परिवार में एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति बदबूदार सिस्टम की भेट चढ़ गया।

वार्ड-4 की 22 फुट रोड पर बिजली निगम, नगर निगम और एफएमडीए की लापरवाही के कारण जिस दिनेश तिवारी की जान गई। वह अपने परिवार में एकमात्र कमाने वाला था। उस पर तीन बेटियों और अपनी दिव्यांग पत्नी की जिम्मेदारी थी।



दिनेश अपनी बड़ी बेटी भूमिका की शादी के लिए लड़का देख रहे थे। उनकी बड़ी बेटी बीएससी की पढ़ाई कर रही है, जबकि मंझली बेटी 10वीं और सबसे छोटी बेटी 5वीं कक्षा में हैं। पत्नी मंजू तिवारी एक पैर से दिव्यांग है।

6 माह से सीवर ओवरफ्लो

आसपास के लोगों का कहना था कि पिछले छह माह से सीवर ओवरफ्लो की स्थिति है। सड़क पर चलना मुश्किल है। छह माह पहले छोटी सीवर लाइन को बदलने का काम शुरू किया गया था। पहले 22 फुट रोड पर 10 इंच की सीवर लाइन डाली गई थी। जो काफी पुरानी हो चुकी थी। इसके साथ ही आबादी के हिसाब से छोटी भी थी। ऐसे में 30 इंच सीवर लाइन डालने का काम शुरू किया गया। जिसके लिए पहले रोड को खोदा गया। 60 प्रतिशत काम पूरा होने के बाद उसको छोड़ दिया गया। इस लाइन को 72 इंच लाइन से कनेक्ट करना था।

72 इंच सीवर लाइन पहले से ही चल रही थी ओवरफ्लो

निगम के अनुसार, 72 इंच सीवर लाइन पहले से ही ओवरफ्लो चल रही थी। इसलिए पहले उसकी सफाई होना जरूरी था। सफाई का काम फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण की ओर से किया था। प्राधिकरण को बार-बार रिमाइंडर भेजने के बावजूद भी सफाई का काम नहीं किया गया। जिसके कारण हालात यह बन गए कि पूरी 22 फुट रोड सीवर के पानी में डूब गई। इस रोड पर बिजली के खंभों से तार काफी नीचे लटक रही है। जो लोगों के लिए खतरा बनती है। लोगों ने कई बार बिजली विभाग को इन तारों को बदलने के लिए कहा है।

दर्जनभर नकाबपोश ने

बीच बाजार हमला कर युवक को बदमाशों ने घायल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



दर्जनभर नकाबपोश बदमाशों ने एक युवक को बीच बाजार घेर लिया। पहले उसे सडक़ पर गिराकर जमकर लाठी-डंडों से पीटा। इसके बाद पैर पकडक़र सडक़ पर काफी दूर तक घसीटा। हैरानी बात यह रही कि आसपास कई लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी उसे बचाने की कोशिश नहीं की।यह पूरी घटना बाजार की एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि बदमाश युवक पर करीब चार मिनट तक लगातार हमला करते रहे और बीच-बीच में कुछ दुकानों की तरफ पथराव भी करते रहे।

बदमाशों के भाग जाने के बाद परिजनों ने बेसुध युवक को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में पता चला कि लाठी-डंडों के वार से उसकी दोनों टांगें टूट चुकी हैं। प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार घायल युवक सागर डबुआ कॉलोनी का रहने वाला है और एक निजी कंपनी में काम करता है। मंगलवार रात 10.30 बजे वह अपने दोस्त के साथ दुकान से दूध की थैली लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान डबुआ.गाजीपुर में मस्जिद के पास नकाबपोश बदमाशों ने उसे घेर लिया।

बदमाशों ने डंडों और सरियों से उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले को देखकर उसका दोस्त वहां से भाग गया। सागर खुद को संभाल नहीं पाया और हमलावरों ने उसे सडक़ पर गिराकर बेरहमी से पीटा।

जीता लोगों का दिल, पुलिस के प्रति बढ़ा विश्वास

नेहरू ग्राउंड को जाम से राहत दिलाने पर आम लोगों ने डीसीपी जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नेहरू ग्राउंड में अवैध रूप से खड़े वाहनों के कारण लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने पर क्षेत्र के निवासियों ने डीसीपी एनआईटी सुश्री उत्तम का आभार व्यक्त किया। इस संबंध में नेहरू ग्राउंड के निवासी एनएच.5 स्थित डीसीपी कार्यालय पहुंचे और समस्या का समाधान कराने के लिए उनका धन्यवाद किया। निवासियों ने कहा कि आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और उनका समाधान कराने के लिए सकारात्मक पहल करना एक अच्छे पुलिस अधिकारी की पहचान है।

गौरतलब है कि नेहरू ग्राउंड में अवैध रूप से खड़े वाहनों के कारण स्थानीय निवासियों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जाम की समस्या से न केवल लोगों का समय बर्बाद होता था, बल्कि रोजमर्रा के कामकाज में भी बाधा उत्पन्न होती थी। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के निवासी डीसीपी एनआईटी सुश्री उत्तम से मिले और अपनी परेशानी उनके सामने रखी।



समस्या के समाधान के लिए सकारात्मक कदम

निवासियों के अनुसार डीसीपी उत्तम ने उनकी बात को पूरे ध्यान और गंभीरता से सुना तथा समस्या के समाधान के लिए सकारात्मक कदम उठाए। अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाने की कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों को राहत मिली। इसके बाद स्थानीय निवासियों ने डीसीपी कार्यालय पहुंचकर उनके प्रति आभार प्रकट किया। इन दिनों नेहरू ग्राउंड के निवासियों के बीच डीसीपी उत्तम के सकारात्मक व्यवहार की चर्चा हो रही है। लोगों का कहना है कि अक्सर आम नागरिक पुलिस अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रखने से पहले झिझक महसूस करते हैं, लेकिन जब कोई अधिकारी उनकी बात को संवेदनशीलता से सुनता है और समाधान की दिशा में पहल करता हैए तो पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत होता है। निवासियों ने कहा कि डीसीपी उत्तम का सहज, संवेदनशील और सकारात्मक रवैया सराहनीय है।

गोदाम से 7270 किलोग्राम पटाखे बरामद

अवैध पटाखों के भंडारण पर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

त्योहारों के दौरान अवैध रूप से पटाखों के भंडारण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए फरीदाबाद पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 अक्टूबर को पुराना खेड़ी रोड पर स्थित एक गोदाम पर रेड कर 7270 किलोग्राम पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने गोदाम संचालक हेमंत वधवा निवासी सैयदवाड़ा ओल्ड फरीदाबाद को काबू किया है। वह पटाखों के भंडारण एवं बिक्री से संबंधित वैध लाइसेंस और परमिट प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने उसके खिलाफ थाना बीपीटीपी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार अवैध रूप से पटाखों के निर्माण,भंडारण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए



संदिग्ध स्थानों पर औचक निरीक्षण के निर्देशों के तहत अपराध शाखा ने सूचना एवं जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुराना खेड़ी रोड पर स्थित एक गोदाम की जांच की।

पुलिस ने गोदाम संचालक हेमंत वधवा की उपस्थिति में गोदाम के कमरों की तलाशी ली, जहां भारी मात्रा में पटाखे रखे हुए पाए गए। पुलिस ने संचालक से पटाखों के भंडारण और बिक्री के लिए वैध लाइसेंस न होने की बात कही।

सुरक्षा बढ़ाई गई

राम रहीम को सजा सुनाने वाले जज जगदीप सिंह अब फरीदाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को दुष्कर्म के मामले में सजा सुनाने वाले न्यायाधीश जगदीप सिंह को फरीदाबाद का जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।उनकी नियुक्ति के साथ ही सेक्टर-12 स्थित जिला अदालत परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। न्यायाधीश जगदीप सिंह बुधवार को पदभार ग्रहण कर सकते हैं।

जगदीप सिंह अगस्त 2017 में उस समय देशभर में चर्चा में आए थे, जब उन्होंने डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। सुरक्षा कारणों से इस मामले की सुनवाई रोहतक की सुनारिया जेल परिसर में विशेष अदालत लगाकर की गई थी। फैसले के बाद उन्हें विशेष सुरक्षा प्रदान की गई थी।

पंचकूला से फरीदाबाद तक का सफर

न्यायिक नियुक्तियों से जुड़ी उपलब्ध जानकारी के अनुसार, जगदीप सिंह इससे पहले पंचकूला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर तैनात थे। अक्टूबर 2025 में पंजाब एवं ह रि या णा



हाईकोर्ट के प्रशासनिक आदेश के तहत उन्हें गुरुग्राम से पंचकूला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया गया था।

अब उन्हें फरीदाबाद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

पूर्व सेशन जज संदीप गर्ग की जगह नई जिम्मेदारी

फरीदाबाद में इससे पहले जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर संदीप गर्ग तैनात थे। जगदीप सिंह की नियुक्ति के बाद न्यायिक प्रशासन में बदलाव होगा।उनके पदभार ग्रहण करने के बाद जिला अदालत में लंबित मामलों की सुनवाई और प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी भी उनके पास होगी। राम रहीम को सजा सुनाने वाले न्यायाधीश की तैनाती को देखते हुए अदालत परिसर की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

एक पिस्टल, एक देसी कट्टा और एक खाली खोल बरामद

आरोपियों ने पुलिस टीम पर चलाई थी छह गोलियां

पुलिस से मुठभेड़ करने वाले नशा तस्करों का चौथा आरोपी को पुलिस ने किया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-65 क्राइम के साथ हुई नशा तस्करों की मुठभेड़ मामले में पुलिस ने आरोपियों के चौथे साथी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कबीर पर मुठभेड़ में पकड़े गए तीनों आरोपियों को मादक पदार्थ उपलब्ध कराने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 136 ग्राम एमडीएमए, एक पिस्टल, एक देसी कट्टा और एक खाली खोल बरामद किया था। मुठभेड़ के दौरान आरोपियों की गोली लगने से एक पुलिसकर्मी घायल हुआ था, जबकि जवाबी कार्रवाई में दो आरोपी घायल हुए थे।

आरोपियों ने 6 गोलियां चलाई थी: पुलिस के अनुसार, 9 अक्तूबर को सेक्टर-65 क्राइम ब्रांच



को सूचना मिली थी कि हथियारों से लैस तीन युवक लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। पुलिस ने नंगली उमरपुर से सेक्टर-62 जाने वाले रास्ते पर नाकाबंदी कर जांच शुरू की। रात करीब 11 बजे बाइक पर आए तीन युवकों को रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे और पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं। आरोपियों ने छह गोलियां चलाईं, जबकि पुलिस ने आत्मरक्षा में तीन गोलियां चलाईं। इस दौरान एक गोली पुलिस वाहन पर लगी और एक पुलिसकर्मी की बाजू में गोली लगी। जवाबी फायरिंग में मार्फत उर्फ मारू (32) और फूल बाबू शेख (26) के पैरों में गोली लगी। तीसरे आरोपी श्रीकुल शेख (37) को भी मौके से काबू कर लिया गया। तीनों पश्चिम बंगाल के निवासी हैं।

एनडीपीएस एक्ट के मामले में इनाम घोषित था

पुलिस ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद 11 अक्तूबर को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के आधार पर मादक पदार्थ उपलब्ध कराने के आरोप में कबीर को भी सेक्टर-62 से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, फूल बाबू शेख के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के मामले में इनाम घोषित था। मार्फत पर चार, फूल बाबू पर दो और श्रीकुल पर एनडीपीएस एक्ट का एक मामला दर्ज है। मार्फत को 19 अक्तूबर तक पुलिस हिरासत रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

चिंतन

दीपावली से पहले लोगों की झोली में आएगा धन



मुद्दा
राजकुमार सिंह

दीपावली से पहले केंद्र सरकार के फैसलों ने लाखों परिवारों की झोली में अतिरिक्त धन और राहत की उम्मीद जगाई है। रेलवे के 11.40 लाख कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस, दिव्यांगों की पेंशन का दायरा बढ़ाने और सामाजिक सहायता योजनाओं को 5 साल तक जारी रखने की मंजूरी त्योहार की खुशियों को आर्थिक संबल देने वाली पहल है। बोनस से कर्मचारियों की जेब में पैसा आएगा, बाजार में मांग बढ़ेगी और जरूरतमंदों को पेंशन के सहारे का भरोसा मिलेगा। त्योहार के इस मौसम में इन फैसलों का संदेश साफ है। खुशियां तभी व्यापक होंगी, जब आर्थिक राहत का लाभ मेहनतकशों से लेकर समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचेगा। त्योहार से पहले मिलने वाला बोनस या आर्थिक सहायता केवल रकम नहीं, बल्कि परिवार की जरूरतों को पूरा करने और खुशियों को साझा करने का अवसर है। सरकार का रेलवे कर्मचारियों को बोनस देने का फैसला इसी लिहाज से महत्वपूर्ण है। करीब 2,009 करोड़ रुपये के कुल व्यय से जुड़ी इस मंजूरी के तहत पात्र कर्मचारियों को अधिकतम 17,951 रुपये तक बोनस मिल सकता है। यह राशि घर की जरूरतें पूरी करने, बच्चों के लिए सामान खरीदने और त्योहार की तैयारियों में काम आ सकती है। अतिरिक्त धन कर्मचारियों की क्रयशक्ति बढ़ाएगा तो इसका सकारात्मक असर बाजार पर भी पड़ेगा। त्योहारों में बढ़ी मांग छोटे दुकानदारों, कारोबारियों और स्थानीय उत्पादकों के लिए भी अवसर पैदा करती है। इस तरह कर्मचारियों की जेब में पहुंचने वाला पैसा अर्थव्यवस्था में आगे बढ़कर कई दूसरे वर्गों तक लाभ पहुंचाएगा। सरकार का दूसरा अहम फैसला दिव्यांगों की पेंशन से जुड़ा है। पेंशन के लिए बेंचमार्क दिव्यांगता की सीमा 80 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत करने से पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले अधिक लोग योजना के दायरे में आ सकेंगे। जन्म से पात्र दिव्यांगों को भी पेंशन का लाभ देने की व्यवस्था महत्वपूर्ण है। दिव्यांगता के साथ जीवन बिताने वाले लोगों और उनके परिवारों को रोजमर्रा की जरूरतों, उपचार तथा देखभाल के लिए अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता होती है। ऐसे में नियमित सहायता उन्हें कुछ आर्थिक मजबूती दे सकती है। पात्रता का विस्तार स्वागत योग्य है, लेकिन सहायता राशि को महंगाई के अनुरूप बढ़ाना भी जरूरी है। वहीं, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम को वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने का निर्णय भी सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से अहम है। इस अवधि में 53,428 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है, जिससे करीब 3.20 करोड़ लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। बुजुर्गों, विधवाओं और आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवारों के लिए ऐसी योजनाएं कठिन समय में सहारा बनती हैं। परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य की मृत्यु पर मिलने वाली सहायता संकटग्रस्त परिवार को संभलने का अवसर देती है। इससे पहले सरकार ने व्यापारियों को राहत देते हुए यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित 0.4 फीसदी मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) शुल्क को दिवाली तक टालने का फैसला किया था। कुल मिलाकर दीपावली से पहले लिए गए ये फैसले आर्थिक राहत और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने का अवसर देते हैं। बोनस से बाजार में रौनक बढ़ सकती है और पेंशन योजनाओं से कमजोर वर्गों को सहारा मिल सकता है। त्योहार की असली सार्थकता तभी है, जब समृद्धि की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सरकार की घोषणाएं इस दिशा में उम्मीद जगाती हैं; अब जरूरत है कि उनका लाभ समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ लोगों तक पहुंचे।

ज्ञानेश-विवाद : सरकार की साख भी दांव पर

भारतीय चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर आज देश में ही सवाल और संदेह हैं। आयोग की कार्य प्रणाली पर बाहर से तो सवाल अरसे से उठ रहे हैं, लेकिन अंदर से उठे सवालों का भी जवाब न देकर वह खुद को कठघरे में खड़ा कर रहा है। चुनाव आयुक्तों से मुलाकात के लिए संसद से आयोग कार्यालय तक मार्च करने वाले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सैकड़ों सांसदों से मिलने से इनकार से शुरू तकरार अब दिल्ली–मुंबई समेत कई शहरों में सड़कों पर प्रदर्शन तक पहुंच गई है। उस दिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आठ घंटे तक आकाशवाणी भवन में धरने पर बैठे रहने, अगले दिन जंतर-मंतर पर धरने की कोशिश और 12 अक्टूबर को सर्वोच्च न्यायालय तक मार्च से भारतीय लोकतंत्र की सुखद तस्वीर नहीं उभरती।

विश्व भर में प्रतिष्ठा प्राप्त रहे भारतीय चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर आज देश में ही सवाल और संदेह हैं। आयोग की कार्य प्रणाली पर बाहर से तो सवाल अरसे से उठ रहे हैं, लेकिन अंदर से उठे सवालों का भी जवाब न देकर वह खुद को कठघरे में खड़ा कर रहा है। चुनाव आयुक्तों से मुलाकात के लिए संसद से आयोग कार्यालय तक मार्च करने वाले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सैकड़ों सांसदों से मिलने से इनकार से शुरू तकरार अब दिल्ली-मुंबई समेत कई शहरों में सड़कों पर प्रदर्शन तक पहुंच गई है। उस दिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आठ घंटे तक आकाशवाणी भवन में धरने पर बैठे रहने, अगले दिन जंतर-मंतर पर धरने की कोशिश और 12 अक्टूबर को सर्वोच्च न्यायालय तक मार्च से भारतीय लोकतंत्र की सुखद तस्वीर नहीं उभरती। दो को मुंबई और आठ को बेंगलुरू में प्रदर्शन के बाद 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए दिल्ली आ रहे कॉंगरोच जनता पार्टी के नेताओं अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को फ्लाइट में घुसकर हिरासत में लेने, चर्चित यूट्यूबर ध्रुव राठी को गुरुग्राम स्थित फ्लैट से सुबह तड़के ही उठा लेने और पूर्व मुख्यमंत्रियों समेत अनेक सांसदों को हिरासत में लेने से भी संविधान सम्मत कानून के शासन की तस्वीर नहीं उभरती। मना करने के बावजूद नौ अक्टूबर रात नौ बजे से ही दर्जनों मेट्रो स्टेशन बंद कर दिल्ली आने वाली सैकड़ों ट्रेन रद्द करने पर तो सर्वोच्च अदालत ने अवमानना का नोटिस भी जारी किया, पर उसके बावजूद छावनी बनी दिल्ली में सुरक्षा बलों, खासकर पुलिस के रवैये में ज्यादा बदलाव दिखा नहीं। शांतिपूर्ण आंदोकारियों और अपना काम कर रहे पत्रकारों के साथ ही विरोध करने वाले वकीलों को भी हिरासत में ले लिया गया। मुख्य न्यायाधीश के निर्देश के बाद वकील तो तत्काल रिहा हो गये, लेकिन आंदोलनकारियों और पत्रकारों के लिए फोन कौन करेगा? संविधान तो सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है! अब जंतर-मंतर के बजाय विरोध प्रदर्शन के लिए तीन नए स्थलों के नाम घोषित किए गए हैं।

कानून व्यवस्था के नाम पर आंदोलनकारियों के साथ सरकार जैसा व्यवहार कर रही है, उससे आम नागरिकों की मुश्किलें भी बढ़ रही हैं, लेकिन संदेह और सवालों से घिरे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार मौन हैं। मौन से सवालों का जवाब नहीं मिलता, पर संस्कृत में कहा गया है: मौनं स्वीकृति लक्षणम्। लगातार चुनावी हार से बेजार विपक्ष कथित 'वोट चोरी' के मुद्दे पर एकजुट है और आक्रामक भी। उधर ज्ञानेश कुमार के बचाव में, केंद्र में सरकार का नेतृत्व कर रही भाजपा बेहद आक्रामक है। इससे ज्ञानेश और भाजपा के संबंधों पर संदेह गहराता ही है, लेकिन उससे भी ज्यादा खतरनाक है विपक्षी और सीजेपी आंदोलनकारियों के जवाब में सत्ता- समर्थकों की हिंसक प्रतिक्रिया। सोशल मीडिया पर वीडियोज में उनके प्रति दिल्ली पुलिस की नरमी भी साफ नजर आती है। पेपर लीक मामले में जंतर-मंतर प्रदर्शन में भी कुछ लोग सादा कपड़ों में आंदोलनकारियों पर हमला करते नजर आये थे। आंदोलनकारियों की भीड़ में ऐसी घुसपैठ खतरनाक प्रयोग है, जिसके परिणाम देश-समाज के लिए घातक और दूरगामी होंगे। बेशक चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है, लेकिन संविधान से ऊपर तो नहीं।



आयोग का मुख्य दायित्व स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाना है। इस प्रकिया में राजनीतिक दल महत्वपूर्ण भागीदार हैं। विपक्षी सांसदों से मिलने के लिए भी अगर चुनाव आयुक्तों के पास समय नहीं, तो उनकी नजर में आम मतदाता की हैसियत का अंदाजा ही लगाया जा सकता है, जिसे अकसर चुनावों के समय 'जनार्दन' कहा जाता है। संसदीय लोकतंत्र में संसद और सड़क, दोनों राजनीति की परंपरा है, पर वह सिर्फ टकराव तक सिमटती नजर आये तो जिम्मेदार संस्थाओं और लोगों को चेत जाना चाहिए।

एक ओर संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास बढ़ रहा है तो दूसरी ओर वे भी असल सवालों से मुंह चुराती दिख रही हैं। अपनी साख पर सवालों और गहराते संदेह से खुद चुनाव आयोग के चेहरे पर शिकन नजर नहीं आती। राजनीतिक दलों के एजेंडा पर तो राजनीति के अलावा कुछ और रहता ही नहीं। ऐसा नहीं कि मतदान केंद्रों पर कब्जे और मत पत्रों की लूट के लिए बदनाम रहे भारतीय लोकतंत्र में चुनाव आयोग पर अतीत में सवाल नहीं उठे, पर उसकी साख इतनी कभी नहीं गिरी। दशकों बाद चुनाव आयोग को बहुसदस्यीय इसीलिए बनाया गया था कि कोई चुनाव आयुक्त निरंकुश न हो जाये, लेकिन एक अंग्रेजी अखबार ने खुलासा किया कि तीन सदस्यीय चुनाव आयोग के दो सदस्यों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने 10 महीने में 14 बार आयोग की कार्यप्रणाली और फैसलों पर सवाल उठाये। चार महीने से तो कोई बैठक ही नहीं हुई। इस खुलासे ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। तीन दिन बाद तीनों की संयुक्त बैठक की तस्वीर और विज्ञप्ति जारी कर दावा किया गया कि आयोग में सब कुछ 'सामान्य' है। आरोपों की गंभीरता का तकाजा था कि तीनों चुनाव आयुक्त संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस कर संदेह और सवालों का निराकरण करते, लेकिन हर बार की तरह सफाई सत्तारूढ़ दल भाजपा की ओर से आ रही है, जिससे परस्पर मिलीभगत के विपक्षी आरोपों को बल ही मिलता है। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 के जरिये नियुक्ति समिति में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की जगह प्रधानमंत्री द्वारा नामित केबिनेट मंत्री को शामिल करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं के अलावा दो चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों संबंधी खुलासे के बाद अब चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, खासकर मुख्य चुनाव आयुक्त की मनमानी का मुद्दा भी सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया है। अखबार के खुलासे के आधार मात्र पर सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त के निलंबन या उनके द्वारा फैसले लेने पर रोक लगाने से परहेज किया, लेकिन कारण बताओ नोटिस जारी करने से साफ है कि आयोग की कार्यप्रणाली और फैसले न्यायिक समीक्षा से परे नहीं। एसआईआर में करोड़ों मतदाताओं के नाम काटे जाने के अलावा फॉर्म -6 भी आयोग की आलोचना का बड़ा कारण है।

आयोग और भाजपा नेता फॉर्म-6 में 'घोषणापत्र' जोड़ने को सर्वोच्च न्यायालय की मंजूरी का दावा करते रहे हैं, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने फॉर्म -6 में किसी भी संशोधन को मंजूरी से 12 अक्टूबर को फिर इनकार किया। 12 अक्टूबर को राहुल गांधी समेत 11 विपक्षी नेताओं की याचिका भी सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गयी, जिसने ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध दायर सभी याचिकाओं को संयुक्त करते हुए 27 अक्टूबर को सुनवाई तय की है। बेशक कानूनी लड़ाई लंबी चल सकती है, पर विपक्ष और सीजेपी सरीखे गैर राजनीतिक संगठन सड़क की लड़ाई भी बंद करने वाले नहीं। आयोग की कार्यप्रणाली पर उठने वाले संदेह और सवालों की पुष्टि अगर हो गयी, तब सरकार की साख भी उसकी तपिश से नहीं बच पाएगी, जो विपक्ष का असली निशाना भी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

ग्रामीण महिला दिवस



बलकार सिंह पूनियां

मिट्टी से मेडल तक और पंचायत से पोडियम तक

मिट्टी से मेडल तक और पंचायत से पोडियम तक की यह यात्रा केवल खेल की कहानी नहीं है। यह उस ग्रामीण भारत की कहानी है, जहां महिला अब केवल विकास की लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की निर्माता बन रही है। खेल का पदक उसकी चमकती उपलब्धि है; खेत, घर, बाजार और पंचायत में बढ़ती उसकी भागीदारी नए भारत की स्थायी शक्ति है। एशियाई खेल 2026 में भारतीय बेटियों की सफलता को केवल खेल उपलब्धियों के रूप में देखना इस बदलाव की व्यापकता को सीमित कर देना होगा। नागोया में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने जिस आत्मविश्वास के साथ पदक जीते, वह उस बदलते भारत की तस्वीर है जहां गांव और छोटे कस्बों की बेटियां खेल के मैदान से लेकर पंचायत, खेत, उद्यम और डिजिटल अर्थव्यवस्था तक अपनी पहचान बना रही हैं। खेलों का पोडियम इस परिवर्तन का दिखाई देने वाला चेहरा है, जबकि ग्रामीण भारत में महिलाओं की बढ़ती आर्थिक और सामाजिक भागीदारी इसकी गहरी बुनियाद है। एशियाई खेलों में भारत ने 21 स्वर्ण सहित कुल 85 पदक जीते। इनमें बड़ी संख्या बेटियों की थी। भारत के कुल 85 पदकों में 41 महिला खिलाड़ियों के खाते में आए। 21 स्वर्ण में से 11 महिलाओं ने जीते, जबकि तीन स्वर्ण मिश्रित स्पर्धाओं में आए। यह प्रदर्शन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इनमें अनेक खिलाड़ी छोटे शहरों, कस्बों और ग्रामीण पृष्ठभूमि से आती हैं। हरियाणा के संगतपुरा की 26 वर्षीय नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप स्पर्धा में भारत को इन खेलों का पहला व्यक्तिगत स्वर्ण दिलाया। अमरावती की 17 वर्षीय कुमकुम मोहोड़ ने दो स्वर्ण और एक रजत जीतकर महिला रिकर्व में दक्षिण कोरिया के दो दशक पुराने वर्चस्व को चुनौती दी। उनकी उपलब्धि केवल एक युवा खिलाड़ी की सफलता नहीं, बल्कि उस संभावना का प्रतीक है जो सही प्रशिक्षण और अवसर मिलने पर भारत की बेटियों में छिपी है। पृथिका प्रदीप ने दो स्वर्ण जीते और प्रणवी उर्स एशियाई खेलों में गोल्फ स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। प्राची चौधरी और विद्या रामराज ने 4x400 मीटर रिले में स्वर्ण जीता। ट्रक चालक की बेटी विद्या, जो कभी नंगे पांव दौड़कर अभ्यास करती थीं, ने पी.टी. उषा का 42 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा। सीमा कुमारी ने 10,000 मीटर में 16 वर्ष का पदक-सूखा खत्म किया। संजू देवी की कबड्डी टीम और इशिका चौधरी तथा सविता पूनिया की हॉकी टीम ने स्वर्ण जीता। महिला हॉकी ने 44 साल का इंतजार खत्म किया, जबकि हरमनप्रीत कौर की टीम ने क्रिकेट का स्वर्ण वापस दिलाया। शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर जैसी छोटे शहरों से निकली खिलाड़ियों ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन उपलब्धियों के पीछे केवल प्रतिभा नहीं, बल्कि संघर्ष भी है।

खेल व्यवस्था में मनोवैज्ञानिक परामर्श को नियमित प्रशिक्षण का हिस्सा बनाना इसी से जुड़ा महत्वपूर्ण सबक है। लेकिन इन खिलाड़ियों की कहानियां हमें गांव की उन हजारों बेटियों की ओर भी देखने को मजबूर करती हैं जिनमें प्रतिभा तो है, पर अवसर नहीं। शहरों में अकादमी, प्रशिक्षक, पोषण और प्रतियोगिताएं अपेक्षाकृत सुलभ हैं, जबकि ग्रामीण बेटी को कई किलोमीटर दूर जाकर अभ्यास करना पड़ सकता है। जिस परिवार के लिए धनुष, राइफल, अच्छे जूते या यात्रा का खर्च बड़ी चुनौती हो, वहां से किसी बेटी का अंतरराष्ट्रीय पोडियम तक पहुंचना असाधारण संकल्प का परिणाम है। यही प्रश्न खेल से आगे ग्रामीण महिला के जीवन में भी दिखाई देता है। खेत में काम करने वाली महिला, पशुपालन करने वाली महिला, स्वयं सहायता समूह चलाने वाली महिला, पंचायत प्रतिनिधि और छोटे व्यवसाय की संचालिका- इन सभी की उपलब्धियां अक्सर पदक तालिका में दर्ज नहीं होतीं। फिर भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक परिवर्तन में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कॉर्पोरेट जगत को महिला खेल, ग्रामीण उद्यम और महिला नेतृत्व में निवेश को सामाजिक दायित्व से आगे बढ़कर आर्थिक और सामाजिक निवेश के रूप में देखना होगा। मिट्टी से मेडल तक और पंचायत से नेतृत्व तक की यह यात्रा केवल महिलाओं की उपलब्धियों की कहानी नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के बदलते चरित्र की कहानी है। जब गांव की महिला अपने श्रम का मूल्य, अपनी आय पर अधिकार, पंचायत में अपनी आवाज और अपनी बेटी के भविष्य पर निर्णय का अधिकार हासिल करती है, तभी महिला सशक्तीकरण वास्तविक अर्थ ग्रहण करता है। खेल का पदक इस परिवर्तन की चमक है, लेकिन खेत, घर, बाजार और पंचायत में बढ़ती महिला भागीदारी ही इसकी स्थायी शक्ति है। यही नए भारत की ग्रामीण नारी शक्ति है।

(लेखक सहायक प्रोफेसर ग्रामीण विकास विभाग हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
प्रेरणा

एकबार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा- मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहाँ-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रिओ ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रिओ को बोध हो गया कि, हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए है।

अंतर्मन



आज की पाती

रामलीला देखें और रामजी के आदर्श अपनाएं

हमारा देश देवभूमि के नाम से भी जाना जाता है। यहां लगभग हर रोज किसी न किसी धर्म के धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं और यह सब हमें मानवता और नैतिकता की राह पर चलने की शिक्षा देते हैं। हमारे देश में भगवान श्री राम जी की लीलाओं की झलक रामलीला में भी देखने को मिलती है। रामलीला दशहरे से पहले देश के लगभग सभी राज्यों में आयोजित होती हैं, खासतौर पर उत्तर भारत में। रामलीला में यह दिखाया जाता है कि किस तरह भगवान श्री राम ने अहंकारी रावण का अंत किया था। बुराई का अंत एक न एक दिन जरूर होता है। टीवी चैनलों की बाढ़ के बावजूद रामलीला के प्रति आकर्षण सचमुच बहुत अच्छी बात है। हमें रामलीला देखनी चाहिए तथा जीवन में भगवान राम जी के आदर्श अपनाने चाहिएं।

-रमेश अवस्थी, राजनांदगांव

ट्रेंड

भारत-कनाडा संबंध



कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मिलकर खुशी हुई। हमने व्यापार, टेक्नोलॉजी, सुरक्षा, ऊर्जा, शिक्षा और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान के क्षेत्रों में भारत-कनाडा संबंधों को और मजबूत करने पर सार्थक चर्चा की।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

डेमोक्रेसी की आवाज़



वह दिन ज़रूर आएगा जब हमारी डेमोक्रेसी की आवाज़ दबाने वालों को सख्त इंसाफ़ का सामना करना पड़ेगा। मैं चाहता हूँ कि जिस भी स्टूडेंट या युवा ने पुलिस की बर्बरता या ग़ैर-कानूनी हिरासत का सामना किया है, वह उसका पूरा रिकॉर्ड-वीडियो या फोटो-ज़रूर रखे; ये बहुत ज़रूरी होंगे।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

सशक्तिकरण के प्रयास



मारी सरकार राज्य की आधी आबादी के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

लोकतांत्रिक अधिकार




हमने और हमसे पहले की कई पीढ़ियों ने अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए मज़बूती से लड़ाई लड़ी है। हमें ऐसा करना जारी रखना होगा। मैं सीजेपी के आशुतोष और सौरव की गिरफ़्तारी की कड़ी निंदा करती हूं।

-ममता बनर्जी, पूर्व सीएम, प. बंगाल

करंट अफेयर

साइबर हमले से यूरोप की हुई सुपरमार्केट श्रृंखलाएं प्रभावित



साइबर हमलों के कारण यूरोप की कई सुपरमार्केट श्रृंखलाओं का कामकाज प्रभावित हुआ है जिससे फ्रांस में सैकड़ों दुकानों की प्रशीतन प्रणालियां बाधित हुई है जबकि एक बड़ी सुपरमार्केट कंपनी को यूरोप और अमेरिका के ग्राहकों के लिए संचालित अपनी वेबसाइटें बंद करनी पड़ीं। फ्रांस के वित्त मंत्री रोलैंड लेस्क्योर ने मंगलवार को संसद को बताया कि देश के करीब 10,000 सुपरमार्केट में से लगभग 700 इस हमले से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस की खाद्य आपूर्ति पर कोई खतरा नहीं है, लेकिन स्वीकार किया कि यह हमला ' 'हमारी खाद्य सुरक्षा की बुनियाद पर चोट करता है।' उन्होंने कहा, 'यह घटना सभी के लिए एक चेतावनी है।' इस बीच, नीदरलैंड की प्रमुख सुपरमार्केट कंपनी 'अहोल्ड डेलहाइज' ने मंगलवार को कहा कि वह सुरक्षा संबंधी समस्या के कारण बंद की गई अपनी प्रणालियों को फिर से चालू करने में जुटी है। कंपनी ने कहा कि नीदरलैंड में 'अल्बर्ट हेजन', बेल्जियम में 'डेलहाइज' और अमेरिका में 'स्टॉप एंड शॉप', 'फूड लायन' तथा 'जायंट' नाम से संचालित उसके स्टोर खुले रहे। हालांकि, इन सभी ब्रांड की वेबसाइट मंगलवार को भी बंद रहीं। अहोल्ड डेलहाइज ने कहा कि उसके पास ग्राहकों या कर्मचारियों के आंकड़ों की चोरी होने का कोई साक्ष्य नहीं है।

ऑफ बीट

सांप के काटने का खतरा हमारी सोच से कहीं बड़ा

सांप के काटने पर हर बार शरीर में जहर नहीं पहुंचता। लेकिन जब सांप का जहर शरीर में प्रवेश कर जाता है, तो यह स्थिति 'सर्प विषाक्तता' कहलाती है।



यह जानलेवा स्थिति हो सकती है। इसका सबसे अधिक असर उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में रहने वाले गरीब ग्रामीण समुदायों पर पड़ता है, जहां लोगों के लिए चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंचना आसान नहीं है। सांप के काटने और उष्णकटिबंधीय बीमारियों के महामारी विज्ञान के क्षेत्र में दशकों का संयुक्त अनुभव रखने वाले शोधकर्ताओं के रूप में हमने महसूस किया कि 'सर्प विषाक्तता' से निपटने के प्रयासों में आंकड़े उपलब्ध न होना गंभीर संकट है। जिन आधे से अधिक देशों में विषैले सांप लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं, वहां यह रिकॉर्ड ही नहीं रखा जाता कि कितने लोगों को सांप ने काटा या कितने लोग 'सर्प विषाक्तता' के शिकार हुए। सहारा के दक्षिण में स्थित अफ्रीकी देशों और दक्षिण एशिया के ग्रामीण इलाकों में सांप के काटने के कई पीड़ित ऐसे होते हैं, जिन्हें निकटतम स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में कई घंटे लग जाते हैं। उनके पास वहां तक पहुंचने के लिए परिवहन साधन नहीं होते या वे इलाज के लिए पारंपरिक चिकित्सकों के पास जाते हैं। नतीजतन, उनके मामलों का उल्लेख कभी भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य आंकड़ों में नहीं मिल पाता।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने जोडर

शंघाई मास्टर्स



एजेंसी ▶▶| शंघाई

राफेल जोडर ने शानदार जुझारूपन दिखाते हुए लगातार तीसरे मैच में एक सेट गंवाने के बाद वापसी की और शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

20 वर्षीय जोडर ने नीदरलैंड्स के बोटिक वैन डी जैंडशल्प को 2 घंटे 30 मिनट तक चले मुकाबले में 6-7(4), 6-4, 6-2 से हराया। पहला सेट हारने के बाद उन्होंने शानदार वापसी की और अगले दो सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ जोडर शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं।

शंघाई मास्टर्स के इतिहास में सबसे युवा क्वार्टर फाइनलिस्ट जैकब मेन्सिक हैं, जो 19 साल की उम्र में शंघाई मास्टर्स 2024 में अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे।

मैं सही चीजें कर रहा था : जोडर

जोडर ने कहा, मुझे लगता है कि मैं सही चीजें कर रहा था, लेकिन उन्होंने टाई-ब्रेक में अहम प्वाइंट मुझसे बेहतर खेले। इसी कारण उन्होंने पहला सेट जीता। मुझे सिर्फ दो ब्रेक प्वाइंट मिले थे। दूसरे सेट में मैंने ब्रेक के साथ शुरुआत की, जिससे मुझे सेट में आगे बढ़ने और बेहतर स्थिति में आने में मदद मिली। आज का मैच जैसा रहा, उससे मैं बहुत खुश हूं।

जोडर ने बनाया मैच पर नियंत्रण

वैन डी जैंडशल्प ने मैच की शानदार शुरुआत की और पहले सेट में मिले दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाए। इसके बाद उन्होंने टाई-ब्रेक में बेहतरीन खेल दिखाते हुए शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, राफेल जोडर ने हार नहीं मानी और दूसरे सेट से अपनी लय पकड़नी शुरू की। धीरे-धीरे उन्होंने मैच पर नियंत्रण बना लिया और शानदार वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। यह उनका शंघाई में पहला टूर्नामेंट था। इस जीत के साथ एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने की उनकी उम्मीदें भी मजबूत हो गई हैं। 20 वर्षीय जोडर एटीपी टूर पर अपना पहला पूरा सीजन खेल रहे हैं और इस साल उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 41-16 हो गया है। वह फिलहाल 'एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन' में 11वें स्थान पर हैं और 10वें स्थान पर मौजूद नोवाक जोकोविच से केवल 131 अंक पीछे हैं।

वुहान ओपनः स्वियातेक की सीजन की 40वीं जीत, सेरेना को पीछे छोड़ा

स्वियातेक ने मैग्डेलेना को 1 घंटे 43 मिनट में दी मात



एजेंसी ▶▶| वुहान


वुहान ओपन में पोलैंड की इगा स्वियातेक ने बुधवार को हमवतन मैग्डेलेना फ्रेच को मात देकर इस सीजन की अपनी 40वीं जीत दर्ज की, जबकि एलिना स्वितोलिना ने ल्यूडमिला सैमसोनोवा के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए तीसरे दौर में जगह बनाई।

इस जीत के साथ दोनों खिलाड़ी सीजन के आखिर में होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में बनी हुई हैं। सातवीं वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने मैग्डेलेना फ्रेच को 1 घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 6-1 से मात देकर डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में अपने करियर की 149वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ स्वियातेक ने सेरेना विलियम्स की 148 जीत के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया। वह इस लिस्ट में सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं।

पोलैंड की स्वियातेकने अब लगातार पांच सीजन में कम से कम 40 जीत दर्ज की हैं, हालांकि उन्होंने माना कि 2026 में लगातार अच्छा प्रदर्शन बनाए रखना काफी चुनौतीपूर्ण रहा है।

मैंने कम गलतियां कीं : स्वियातेक

स्वियातेक ने कहा, मैं सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलकर खुश हूं, क्योंकि मुझे पहले वहां खेलने का मौका नहीं मिला था। मैच की शुरुआत में मुकाबला एक-एक प्वाइंट का था, लेकिन बाद में मुझे खुशी हुई कि मैंने कम गलतियां कीं और मैच के आखिर तक अपने मौकों का सही इस्तेमाल किया। निश्चित रूप से यह स्कोर से कहीं ज्यादा मुश्किल मैच था।



पॉल के पांच विकेट, भारत को हराकर सीरीज 2-2 से बराबर की

होप का शतक, वेस्टइंडीज ने भारत को 24 रन से हराया

भाषा ▶▶| हैदराबाद

हैदराबाद, 14 अक्टूबर (भाषा) भारत को गेंदबाजी की कमजोरियों के उजागर होने के बाद बल्लेबाजों से भी निराशा मिली जिससे वेस्टइंडीज ने बुधवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में मेजबान टीम को 24 रन से हराकर पांच मैच की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। कप्तान शाई होप (नाबाद 102 रन) के शतक के बाद वेस्टइंडीज के लिए कीमो पॉल ने 41 रन देकर पांच विकेट झटके जिससे भारतीय टीम 248 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए संजू सैमसन (23 गेंद में छह चौके और चार छक्के) की 56 रन की अर्धशतकीय पारी के बावजूद 19.3 ओवर में 223 रन ही बना सकी। पॉल के अलावा गुडाकेश मोती ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो ओवर में 13 रन देकर दो विकेट झटके। शमार स्प्रिंगर और रोमारियो शेफर्ड को एक एक विकेट मिला। श्रृंखला का अंतिम मैच शनिवार को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

50 गेंदों में 102* रन की पारी खेली, बने मैन ऑफ द मैच



भारतीय पारी में सैमसन के अलावा तिलक वर्मा (43 रन) और नीतिश कुमार रेड्डी (41 रन) ने छठे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी की लेकिन यह टीम को जीत के करीब तक पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। तिलक ने अपनी पारी के अंत में तीन छक्के जड़कर उम्मीद जगाई लेकिन शेफर्ड की स्टंप से बाहर जाती गेंद को हवा में उठाकर पॉवेल को कैच दे बैठे, जिससे भारत को 200 रन पर छठा झटका लगा। सैमसन (56 रन) ने भारत को शानदार शुरूआत कराई लेकिन पॉल ने अपने पहले ओवर की पहली गेंद पर उनकी पारी का अंत कर दिया। भारत को इस पांचवें ओवर में दोहरे झटके लगे। सैमसन ने पॉल की शॉर्ट गेंद को पुल करने की कोशिश की और गेंद डीप में खड़े हेटमायर के पास चली गई जिन्होंने संतुलन बनाते हुए सिर के ऊपर कैच लपक लिया। हेटमायर ने पहले गेंद को हवा में उछाला और उनका एक पैर बाउंड्री के बाहर जमीन पर पड़ा। फिर वह खुद को संभालकर मैदान के अंदर लौटे और कैच लिया। इसी ओवर की चौथी गेंद पर ईशान किशन (06) आउट हो गए जिससे भारत को 67 पर दूसरा झटका लगा। पॉल की लेग स्टंप पर डाली तेज गेंद को किशन ने फ्लिक करने की कोशिश की लेकिन यह शॉट सीधे डीप मिडविकेट पर खड़े ज्वेल एंड्रयू के हाथों में चला गया। कप्तान श्रेयस अय्यर (16) कुछ देर बाद शमार स्प्रिंगर की वाइड गेंद को स्लाइस करने की कोशिश में डीप में एंड्रयू को कैच थमाकर पवेलियन पहुंचे।

वेस्टइंडीज -247/3 (20)

खिलाड़ी	रन
शाई होप नाबाद	102
ज्वेल एंड्रयू पगबाधा बो पटेल	21
हेटमायर का एवं बो प्रिंस यादव	33
पॉवेल का सैमसन बो अर्शदीप	24
शेरफेन रदरफोर्ड नाबाद	49
अतिरिक्त : 18	
कुल : 20 ओवर में तीन विकेट पर 247 रन	
विकेट पतन : 1-52, 2-110, 3-156	
गेंदबाजी : मयंक यादव 4-0-52-0, अर्शदीप सिंह 4-0-52-1, प्रिंस यादव 4-0-36-1, अक्षर पटेल 4-0-45-1, नमन धीर 1-0-19-0, नीतिश कुमार रेड्डी 3-0-39-0	

भारत- 223 (19.3)

खिलाड़ी	रन
संजू सैमसन का हेटमायर बो पॉल	56
अभिषेक शर्मा का स्प्रिंगर बो मोती	29
ईशान किशन का एंड्रयू बो पॉल	06
श्रेयस अय्यर का एंड्रयू बो स्प्रिंगर	16
तिलक वर्मा का पॉवेल बो शेफर्ड	43
नमन धीर स्ट होप बो मोती	00
नीतिश कुमार रेड्डी का पॉवेल बो पॉल	41
अक्षर पटेल का रदरफोर्ड बो पॉल	03
प्रिंस यादव बो पॉल	00
अर्शदीप सिंह रिटायर्ड हर्ट	05
मयंक यादव नाबाद	00
अतिरिक्त : 24	
कुल : 19.3 ओवर में 223 रन	
विकेट पतन : 1-60, 2-67, 3-97, 4-130, 5-130, 6-200, 7-212, 8-212, 9-213, 9-223 (रिटायर्ड हर्ट, नाबाद) गेंदबाजी : रोस्टन चेस 4-0-43-0, शमार जोसफ 2.3-0-47-0 रोमारियो शेफर्ड 3-0-32-1, कीमो पॉल 4-0-41-5, शमार स्प्रिंगर 4-0-40-1, गुडाकेश मोती 2-0-13-2	

चैंपियंस लीगः बायर्न म्यूनिख के खिलाफ ऐतिहासिक उलटफेर

इस्तांबुल (एजेंसी)। बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत को जारी रखते हुए यूरोप के सबसे खतरनाक मैदानों में से एक आरएएमएस पार्क में गैलाटसराय को 4-1 से हरा दिया। वहीं बायर्न म्यूनिख को नॉर्वे में वाइकिंग एफके ने 3-3 से ड्रॉ पर रोककर बड़ा उलटफेर किया। इस्तांबुल में खेले गए मैच में मेजबान गैलाटसराय ने तेज शुरुआत की। अलेक्सई के डिफ्लेक्टेड शॉट से गैलाटसराय ने बढ़त ले ली और पहले हाफ में बार्सा दबाव में दिखा।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी / धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अरमन पुत्र असलम निवासी मकान नं. एन–19ए/165, जे–3 जेजे कॉलोनी वजीरपुर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 600/2023 धारा 379/411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः भारत नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अरमन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अरमन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 600/2023 धारा 379/411/34 भा.द.स. के तहत थाना भारत नगर, दिल्ली के उक्त मनोज** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अनुराधा जिंदल
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
कोर्ट नं.101, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13308/NW/2026

भारतीय महिला पदक विजेताओं के सम्मान में ब्रोशर जारी



रांची। केरल के खेल इतिहासकार डॉ वशिष्ठ ने 2026 एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स की भारतीय महिला पदक विजेताओं के सम्मान में दो ब्रोशर तैयार किए हैं। इन ब्रोशर का विमोचन 2026 एशियन गेम्स में शूटिंग में दो रजत पदक जीतने वाली विदर्शा विनोद ने किया। ब्रोशर में दोनों प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाली भारतीय महिला खिलाड़ियों की तस्वीरें और उनके प्रदर्शन का विवरण शामिल किया गया है। डॉ वशिष्ठ ने इन्हें 'नारी शक्ति' को समर्पित करते हुए खेल के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के उद्देश्य से तैयार किया है। उनका उद्देश्य 'स्पोर्ट्स फॉर नेशनल इंटीग्रेशन' के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है।





रणजी ट्रॉफी : पोरेल-घरामी के शतक बंगाल ने दिल्ली को 9 विकेट से हराया

अहमदाबाद (एजेंसी)। बंगाल ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ करते हुए दिल्ली को चौथे और आखिरी दिन 9 विकेट से हरा दिया। अपने कल के स्कोर 3 विकेट पर 101 रन से आगे खेलते हुए दिल्ली की टीम 106.2 ओवर में 277 रन पर आउट हो गई। मैच में बंगाल की जीत के हीरो रहे शतकवीर अभिषेक पोरेल और सुदीप कुमार घरामी। वहीं दिग्गज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पहली पारी में 4 विकेट सहित पूरे मैच में 5 विकेट झटके। कप्तान आयुष बडोनी ने 134 गेंद में 85 रन बनाए, जिसमें 10 चौके शामिल थे। विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने 76 गेंद में 39 रन का योगदान दिया। दिल्ली के 240 रन के जवाब में बंगाल ने पहली पारी में 429 रन बनाए थे और उसे 89 रन का लक्ष्य हासिल करने के लिए 15.3 ओवर की ही जरूरत पड़ी।

बीएफआई महासचिव प्रमोद कुमार निलंबित



नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने कथित वित्तीय अनियमितताओं, जांच में सहयोग नहीं करने और अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने के आरोप में महासचिव प्रमोद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अजय सिंह ने निलंबन आदेश में कुमार के खिलाफ कई आरोपों का हवाला दिया, जिनमें जरूरी मंजूरी के बिना प्रसारण व्यवस्था के लिए आदेश जारी करना भी शामिल है। कुमार पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप रद्द होने की जांच में सहयोग न करने और अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए अनधिकृत बैठक बुलाने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया गया है।

ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को हराया, सीरीज की क्लीन स्वीप

ब्रिस्बेन (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को तीसरे वनडे मुकाबले में 8 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया। बांग्लादेश से मिले 173 रनों के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से 22.4 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। हालांकि, लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जॉर्जिया वोल सिर्फ 11 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद बेथ मूनी 14 गेंदों में 21 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। हालांकि, इसके बाद एलिसा पेरी और एनाबेल सदरलैंड ने मोर्चा संभाला और टीम को बिना कोई और झटका लगे सफलतापूर्वक लक्ष्य तक पहुंचाया।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भ : 1. निविदा सूचना संख्या 45/2026–2027 दिनांक 23.09.2026।
2. निविदा संख्या 03263126, जिसकी मूल अंतिम तिथि 14.10.2026 थी।

उपर्युक्त निविदा के संदर्भ में निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किया गया है :

क्र.सं.	पूर्व में (From)	संशोधित (To)
01	ड्राइंग संख्या MI006232, Alt.-c	ड्राइंग संख्या MI006232, Alt.-e
02	अंतिम तिथि : 14.10.2026	अंतिम तिथि : 23.10.2026

निविदा की अन्य सभी शर्तें एवं नियम यथावत रहेंगे ।
उक्त शुद्धिपत्र IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित कर दिया गया है।

3588/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to the public at large that M/s **Northern Consultancies** under Proprietor-ship of **Mr. Rajan Arora** having addresses at
(1) Badsi Nagar, Jind Road, Rohtak 124001 (Haryana)
(2) 38, 1st Floor, Shyam Lal Market, Hisar Road, Rohtak, (Haryana) - 124001
(3) S-6, 2nd Floor, Sai Complex, Sheela Bypass Chowk, Rohtak, (Haryana) - 124001
(4) 299, Bighar Road, Kath Mandi, Fatehabad, (Haryana)-125050 and other places,
is no longer a dealer of the Company
Company has severed all its business relationship with M/s Northern Consultancies & Mr. Rajan Arora (Proprietor). The public is hereby notified not to engage in any business dealings with said M/s Northern Consultancies or Mr. Rajan Arora regarding Cummins/ Sudhir make DG sets or other products. **Sd/-**
Sudhir Power Ltd,
Plot No-1, Sector-34, E.H.T.P, Gurugram, Haryana - 122001

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **सुनिता, पत्नीः** स्व. सुधीर, **निवासीः** 340/23–ए, गली नं. 1, फ्रेंडस कॉलोनी, शाहदरा, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 238/2019, U/s 33 Delhi Excise Act, थानाः जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **सुनिता** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **सुनिता** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 238/2019, U/s 33 Delhi Excise Act, थानाः जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली** की उक्त अभियुक्ता **सुनिता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सुकृति झा
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
कमरा नं. 54, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14387/SHD/2026
(Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **(1) श्री शिव कुमार गोयल मालिक मैसर्स संयोग फार्मेसी–संयोग एंटरप्राइजेज (प्रा.) लिमिटेड की एक इकाई)** पताः **360/360 पहली मंजिल, बख्शी नगरपुली जम्मू के सामने इसके अलावाः संयोग हेल्थकेयर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक बी–1 यादव पार्क मुख्य रोहतक रोड नांगलोई दिल्ली इसके अलावाः ख. स. 5, प्रथम तल लाल डोरा गांव कमरुद्दीन नगर नांगलोई दिल्ली, (2) उमा गोयल (निदेशक संयोग हेल्थकेयर लिमिटेड) पताः बी–1 यादव पार्क मेन रोहतक रोड नांगलोई दिल्ली Ct. Case/CC NI Act-2062/20 U/s 138 NI Act थानाः नांगलोई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) श्री शिव कुमार गोयल (2) उमा गोयल** मिल नहीं रहें हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **(1) श्री शिव कुमार गोयल (2) उमा गोयल** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct. Case/CC NI Act-2062/20 U/s 138 NI Act थानाः नांगलोई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1) श्री शिव कुमार गोयल (2) उमा गोयल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव सिंगल
DP/14688/OD/2026 जेएमएफसी (एनआई–एक्ट)–04, कमरा नंबर 04
(Court Matter) तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **प्रदीप पुत्रः श्याम सिंह** पताः **372/4 कृष्णा नगर विजय नगर गाजियाबाद यूपी FIR No. 613/2022 U/s 279/337 IPC थानाः गाज़ीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 613/2022 U/s 279/337 IPC थानाः गाज़ीपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रदीप** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
DP/14672/ED/2026 जेएमएफसी–03, कमरा नंबर–16
(Court Matter) कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

सऊदी अरब पर बढ़ते हमलों से न घबराएं भारतीय, स्वदेश वापसी के विकल्प मौजूद

ये जानकारी बुधवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में हरिभूमि के सवाल के जवाब में रणधीर जायसवाल ने दी है

कविता जोशी ⏭ नई दिल्ली



खाड़ी के इलाके में चल रही इजरायल, अमेरिका और ईरान की जंग में यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा बीते कुछ दिनों से सऊदी अरब पर किए जा रहे हमलों के बीच भारत ने अपने देश के नागरिकों को किसी भी तरह से चिंता न करने की अपील करते हुए कहा है कि जो लोग इस वक्त सऊदी में फंसे हुए हैं। उनकी वतन वापसी के लिए कई विकल्प मौजूद हैं। अभी फिलहाल हम हालात के जल्द बेहतर होने का इंतजार कर रहे हैं। जिसके बाद इस कवायद की असल मायने में शुरुआत की जाएगी। उल्लेखनीय है कि समूचे खाड़ी क्षेत्र में भारतीयों की कुल संख्या 90 लाख से 1 करोड़ के बीच में है। जिसमें सऊदी अरब में भी यह काफी तादाद में निवास करते हैं।

विमान कंपनियों से संपर्क में दूतावास: उन्होंने यह भी बताया कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारत और सऊदी अरब के बीच लोग बड़े पैमाने पर अपनी यात्राएं करते हैं। वर्तमान में भी हमारे कई लोग वहां फंसे हुए हैं। लेकिन अभी उनकी कुल संख्या के बारे में आधिकारिक जानकारी मौजूद नहीं है। लेकिन यह जो भी लोग हैं, उनका संबंध मक्का, दम्माम, जेद्दा और रियाद से जुड़ा हुआ है। रियाद व अन्य स्थानों पर भारत का दूतावास विमानन क्षेत्र की कंपनियों, भारतीय समुदाय के साथ लगातार संपर्क में बना हुआ है। जिसका मकसद देश के लोगों को हर हाल में जरूरी मदद पहुंचाना व उनके कल्याण पर केंद्रित है। हालिया समय में इसे लेकर हेल्पलाइन नंबरों के साथ कई परामर्श भी जारी किए जा चुके हैं।

सऊदी अरब से भारत आएंगी फ्लाइट: रणधीर ने कहा कि खाड़ी देश में फंसे भारत के लोगों की वतन वापसी तभी संभव होगी। जब वहां पर हालात आज के मुकाबले कुछ बेहतर हो जाएंगे। अभी भारत की ओर से वहां जाने वाली कुछ स्वदेशी विमानन कंपनियों ने एहतियातन अपनी उड़ानों पर 17 अक्टूबर तक रोक लगाई है। लेकिन मैं यहां यह भी स्पष्ट कर दूं कि सऊदी अरब की विमानन क्षेत्र की कंपनियों की उड़ानें संचालित हो रही हैं। जिससे साफ हो जाता है कि हमारे पास इस मामले में कई विकल्प मौजूद हैं, हां ये भी सच है कि कुछ दिक्कत बनी हुई है। बावजूद इसके हमारा दूतावास मामले में जो कुछ भी संभव होगा। उसे बेझिझक करेगा।

रियाद हमले के घायलों में 4 आईसीयू में हैं: एक अन्य प्रश्न को लेकर उन्होंने बताया कि सऊदी अरब पर किए गए तमाम हमलों की भारत ने कड़ी निंदा की है। जिसमें पिछले मंगलवार को अरामको मुख्यालय पर किया गया हमला भी शामिल है। भारत नागरिक अवसंरचनाओं पर किए जा रहे हमलों के सख्त खिलाफ है और हमारा ये भी मानना है कि इन हमलों पर तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए। इस मुश्किल वक्त में नई दिल्ली ने सऊदी अरब की सरकार और वहां की जनता के प्रति सद्भावना व्यक्त की है। साथ ही ये उम्मीद भी जताई है कि वहां जल्द से जल्द शांति और स्थिरता लौटेगी। 10 अक्टूबर को रियाद अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर हुए हमले में 12 लोग घायल हो गए थे। जिसमें से एक भारतीय की मौत हो गई है, उनका अंतिम संस्कार परिवार की सहमति के साथ रियाद में किया जा चुका है। जबकि 3 अन्य लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और 8 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। जिनमें से 4 आईसीयू में हैं।

नई दिल्ली में हुई डॉ. जयशंकर और कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद की द्विपक्षीय बैठक का निष्कर्ष

भारत-कनाडा के विदेश मंत्रियों ने 'सीपा' पर वार्ता को जल्द पूरा करने पर दिया जोर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



दुनिया के कई भागों में चल रहे संघर्षों से चिंताजनक बने हुए हालात, कट्टरपंथी खालिस्तानियों की भारत विरोधी गतिविधियों से भारत-कनाडा संबंधों में बने रखने वाले उतार-चढ़ाव के मध्य बुधवार को नई दिल्ली में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों को मजबूती प्रदान करने, रणनीतिक साझेदारी से जुड़े अहम क्षेत्रों में सहयोग आगे बढ़ाने को लेकर चल रहे प्रयासों की व्यापक रूप से समीक्षा की गई है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, डॉ. एस. जयशंकर और कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद की इस बैठक में रक्षा सहयोग और सुरक्षा को प्रगाढ़ बनाने, ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को विस्तार देने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। ज्ञात हो कि कनाडा की विदेश मंत्री 13 से 16 अक्टूबर तक भारत, यूएई की यात्रा पर हैं। जिसके पहले पड़ाव के रूप में उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में भारत के विदेश मंत्री के साथ यह मुलाकात की।

जारी रहेगा उच्च-स्तरीय संवाद

मंत्रालय ने कहा कि बैठक में दोनों पक्षों ने भारत, कनाडा के मध्य बनी हुई संवाद प्रक्रिया की गति को बरकरार रखने के अलावा ठोस परिणामों में तब्दील करने पर जोर दिया है। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए, सीपा) पर चल रही बातचीत को जल्द से जल्द पूरा करने यानी अंतिम रूप देने को लेकर हुई प्रगति की भी बैठक में प्रशंसा की गई। वहीं, वरिष्ठ मंत्रियों ने साझेदारी को रचनात्मक और भविष्योन्मुखी बताते हुए इसे आगे बढ़ाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए कहा कि हमारा मानना है कि इससे दोनों देशों के लोगों को फायदा मिलना चाहिए।

क्षेत्रीय, वैश्विक घटनाक्रमों पर रखे विचार

बैठक में दोनों के बीच जिन अन्य मामलों पर विचार विमर्श किया गया। उनमें आर्थिक साझेदारी को गहराई प्रदान करने, द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार, शिक्षा, विज्ञान-प्रौद्योगिकी को मजबूती देने, आमजन के बीच संपर्क और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर मंथन किया गया। साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय, वैश्विक घटनाक्रमों पर अपने-अपने देश के पक्ष को डॉ.जयशंकर और अनीता आनंद ने एक दूसरे के समक्ष मजबूती से रखा है।

लद्दाख पर जबरन अपना कब्जा जमाने वाले चीन को रक्षा मंत्री की दो टूक

सीमाहीन चुनौतियों से मुकाबले के लिए एक-दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करना अनिवार्य



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत द्वारा पश्चिमी सीमा पर स्थित लद्दाख की 28 जगहों को आधिकारिक रूप से मानकीकृत करने के मामले पर चीन द्वारा जताई गई नाराजगी का बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट रूप से जवाब दिया है। जिसमें उन्होंने कहा कि उभरती हुई और पारंपरिक 'सीमाहीन चुनौतियों' से निपटने के लिए कुछ बुनियादी बातें अनिवार्य रूप से लागू होती हैं। जिनमें विश्वास बनाने से लेकर एक-दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करना, अंतरराष्ट्रीय कानून की अनुपालना और बातचीत के रास्ते खुले रखना बेहद जरूरी है। यह जानकारी उन्होंने नई दिल्ली में मनोहर परिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-इडसा) में आयोजित किए गए भारत-आसियान थिंक टैंक फोरम को संबोधित करते हुए दी है।

विवाद में तब्दील नहीं होने चाहिए मतभेद

राजनाथ ने अपने संबोधन में इस बात पर भी जोर दिया कि भारत एक ऐसा हिंद-प्रशांत क्षेत्र चाहता है। जहां देश चाहे छोटे हों या फिर बड़े, अपने सभी फैसले खुद ले सकें, हितों की रक्षा कर सकें तथा शांतिपूर्ण ढंग से विकास कर सकें। उन्होंने कहा कि आज हमें एक ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता है। जिसमें मतभेदों के विवाद बनने से पहले ही शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जा सके। ये एक ऐसी क्षेत्रीय व्यवस्था होगी, जहां कोई देश किसी अन्य पक्ष के शामिल हुए बिना एक साथ मिलकर काम करें। नई दिल्ली का मत है कि सुरक्षा तभी मजबूत होती है। जब देश आपस में एकजुटता के साथ क्षमता विकास करते हैं। वैश्विक कानूनों का सम्मान व संवाद के जरिए विश्वास बनाए रखते हैं।



